(MANGLIK) 5'-9" TALL, PRODUCTION ENGINEER FROM B.I.T RANCHI. BOY PRESENTLY DOING M.S COMPUTER ENGG. IN U.S.A CORRESPOND WITH 9, SURYA NIKETAN, VIKAS MARG, DELHI-92.
6094-4-2000.

* * *

WANTED KP GIRL PREFERABLY B.E COMPUTER OR ELECTRONICS FOR MY SON BORN MAY 1975 / 5'-10" B.E EXTC (PUNJAB) MS (USA) BOY WORKING WITH MOTOROLA-ARIZONA. USA. BOY VISITING INDIA MAY / JUNE 2000. CORRESPOND TO DR. V.K.BHAN, 275-F, HARI SINGH NAGAR, REHARI COLONY, JAMMU TAWI. TELEPHONE NO-545453. 7204-4-2000.

* * *

WANTED AN EDUCATED, FAIR, GOODLOOKING GIRL FROM A DECENT FAMILY FOR GOOD-LOOKING, WELL SETTLED. COMMERCE GRADUATE 32 / 5'-10" KP BOY, RUNNING HIS FAMILY BUSINESS. CORRESPOND WITH BIODATA. POST BOX-1108, SECTOR-15, CHANDIGARH-160015. 7233-4-2000

* * *

WANTED MATCH FOR MY SON BORN 71 / 4'-7", GRADUATE PURSUING MBA. ANNUAL SALARY 2 LAKHS. DEPUTY MANAGER IN A TRAVEL AGENCY, OWN HOUSE IN NOIDA. GIRL PREFERABLY DELHI BASED AND WORKING. PLEASE CONTACT. A.K KAUL, 16-D, NILGIRI-1, SECTOR-34, NOIDA -201307. PH: 91—4506005 (R) 6439718 (S) 6687-4-2000.

* * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR A DELHI BASED KP BOY, B.E ELECTRONICS, BORN 1969/ 5'-5", SOFTWARE PROGRAMME ENGINEER. CORRRESPOND PROF. K.L.THUSOO, (FATHER) 202 A, SHASTRI NAGAR, JAMMU 180004. 6589-4-2000.

* * *

WANTED A GOOD-LOOKING , HOMELY, SOBER GRADUATE K.P GIRL FOR A KP BOY 5'-8-1/2", 28 YEARS GRADUATE DIPLOMA IN COMPUTER, WORKING WITH A LTD. CONCERN AT AMRITSAR DRAWING HANDSOME SALARY. CONTACT OR WRITE ALONGWITH BIODATA, TEKNI AND KULAWALI TO MR. AUTAR KRISHAN JAN. DAYAL BAGH SPINNING & WEAVING MILLS PUTLIGHAR CHOWK. AMRITSAR 143001. 7192-4-2000

* * *

SUITABLE ALLIANCE SOLICITED FROM PROFESSIONAL, MERITORIOUS, ACCOMPLISHED KP GIRL FOR OUR BOY 29 YRS / 175 Cms., MBA , RECENTLY RETURNED FROM USA., HOLDING MANAGERIAL POSITION IN A LEADING I.T. COMPANY AT DELHI. DECENT EARNINGS WITH BRIGHT CAREER PROSPECTS. CORRESPOND / CONTACT WITH GIRL'S BIODATA, PHOTOGRAPH (RETURNABLE), FAMILY PARTICULARS, AT C-478 B, SUSHANT LOK (I) GURGAON, HARYANA. TEL: 0124-6386-871 (91-6386-871 IF CALLING FROM DELHI OR N-1, NIDESH APARTMENTS, TRIKUTA NAGAR (EXT) JAMMU TAWI. TEL : 0191- 463974. E-mail- ksameer 16@hotmail.com.
7224-4. 2000.

* * *

ALLIANCE INVITED FOR A KP BOY BELONGING TO A WELL EDUCATED AND NOBLE FAMILY. BORN IN 1967, 5'-4" TALL, DIPLOMA IN ELECTRONICS. AT PRESENT RUNNING HIS OWN BUSINESS. GIRL SHOULD BE EDUCATED AND GOOD LOOKING. CORRESPOND WITH Mrs. KAUL C/O M-6, KASHMIRI APARTMENTS, PITAMPORA DELHI. PHONE NOS-7017020. 7196-4.

* * *

WANTED A SUITABLE PROFESSIONALLY QUALIFIED KP GIRL FOR KP BOY, 1971-BORN, M.B.B.S FROM RAJASTHAN 5'-7" PRESENTLY WORKING IN GOVERNMENT HOSPITAL, CHINANI UDHAMPUR JAMMU TAWI. PLEASE CORRESPOND WITH BIO-DATA TO SHRI KAUL, K-89, KIRTI NAGAR, NEW DELHI-110015. PHONE : 5176289. 7216-4-2000

* * *

WANTED A SUITABLE MATCH FOR KP BOY 1968 BORN HEIGHT 5'-2" B.Sc, ELECTRONICS AND 1 YEAR DIPLOMA IN COMPUTER SCIENCES. WORKING IN A PHARMACEUTICAL COMPANY AS SALES OFFICER POSTED AT DELHI EARLY MARRIAGE. DRAWING ATTRACTIVE SALARY & PERKS. CORRESPOND WITH DETAILS TO KOUL'S, G-291, PRATAP VIHAR, GHAZIABAD-U.P. TEL NO-914-744394. 7166-4-2000

* * *

WANTED A SUITABLE QUALIFIED MATCH FOR CULTURED GOOD-LOOKING KP BOY 30 YEARS / 5'-10", B.Sc, POST GRADUATE DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION WORKING WITH A REPUTED CO-RPORATE & ALSO REQUIRED A MATCH FOR GOOD-LOOKING 29 YEARS . 5'-7", BOY WORKING WITH C.I.S.F AS WIRELESS OPERATOR. BOTH BOYS BELONG TO RESPECTABLE FAMILY. CONTACT ASHOK KAUL, C/O G.L. GUPTA, H.NO- 213, SECTOR-II, VIKAS MARG., SARWAL JAMMU TAWI. 7051-4-2000.

* * *

ALLIANCE INVITED FOR SON BORN 1970 / 176CM. B.E (ELECTRONICS COMMUNICATIONS) REC, THROUGHOUT MERIT HOLDER WORKING IN HINDUSTAN COMPUTERS LTD. AT CALCUTTA. GIRL TO BE FROM A GOOD KP FAMILY, QUALIFIED PREFERABLY B.E. PLEASE CONTACT: M.L.BHAT, R/O HOUSE NO-31 / 2A, DURGA NAGAR, SECTOR-II, JAMMU (J & K). PH: NO-592008. 6956-4-2000

* * *

ALLIANCE INVITED FOR HANDSOME KP BOY SEPT. 71 / 5'-6", M.B.A, B.E ELECTRONICS ENGINEER WORKING AS A PROJECT LEADER WITH A MULTINATIONAL TELECOM COMPANY IN BANGALORE. FOR TEKNI AND KULAWALI PLEASE CORRESPOND TO MR. J. N. KAUL, 65-C, INDRA NAGAR, SRINAGAR PH: 0194-455392 # MR RAJA JI KAUL, 337 / N, DURGA NAGAR, SECTOR-2, BANATALAB, JAMMU Ph :0191-592095 # MRS. NEELAM, A- 023, MANGAL APARTMENTS, VASUNDARA ENCLAVE DELHI-96, Ph : 011-2483428. 7148-4-2000

* * *

WANTED A HOMELY, PREFERABLY WORKING GIRL FOR KP BOY (MANGALIK) 1967 BORN, M. COM, PGDM. WORKING AS PLANNING OFFICER IN BILWARA GROUP OF INDUSTRIES. PERMANENT POSTING JAMMU. CONTACT MR. M. L. KAUL, 86-A, SUBASH NAGAR, RAJPORA ROAD JAMMU (NEAR WATER TANK). 7089-4-2000.

* * *

WANTED PROFESSIONALLY QUALIFIED GIRL FOR A KASHMIRI BOY B.E (COMPUTER) 156 CM, BORN MAY 1972. WORKING AS COMPUTER SOFTWARE CONSULTANT IN U.S.A. CORRESPOND TO SHRI P.N. DEMBI, 78 / 9, TRIKUTA NAGAR JAMMU TAWI. 0191-435566, 011-2231785. 7201-4-2000.

* * *

WANTED A PROFESSIONALLY QUALIFIED GIRL OF SUITABLE HEIGHT FOR OUR SON AUGUST 1974 BORN, (MANGALIK) 5'-9" TALL, PRODUCTION ENGINEER FROM B.I.T RANCHI. BOY PRESENTLY DOING M.S. COMPUTER ENGG IN U.S.A CORRESPOND WITH 9, SURYANIKETAN, VIKAS MARG, DELHI-92. 6094-4-2000.

* * *

WANTED A SUITABLE MATCH FOR A DOCTOR KASHMIRI PANDIT BOY 32 / 5'-7" / MBBS, WORKING WITH HARYANA GOVT. GIRL SHOULD BE WORKING . CONTACT FOR DETAILS, ANIL, FLAT -87, SANSKRIT NAGAR, SECTOR-14, ROHINI, NEW DELHI-110085. TELEPHONE : 7863457. 7261-4-2000.

* * *

ALLIANCE INVITED FOR DEC., 1973 BORN 5'-8-1/2" SMART KP BOY B.E (ELECTRONICS & COMMUNICATION) FROM R.E.C. TRICHRAPALI, PRESENTLY WORKING AS SOFTWARE ENGINEER IN CALIFORNIA, U.S.A. ON H I B VISA. BOY VISITING INDIA IN AUGUST, 2000. THE GIRL SHOULD BE SUITABLY QUALIFIED PREFERABLY SOFTWARE PROFESSIONAL. TEKNI MATCHING ESSENTIAL. PLEASE CORRESPOND WITH BIODATA & KULAWALI TO R.L. ZUTSHI, 3-5, SECTOR-1, CHIRANJIV VIHAR APARTMENT, GHAZIABAD-201002. TEL: (91) 4767159 (RES) 7125-4-2000.

* * *

SUITABLE ALLIANCE INVITED FOR OUR SON 5'-8", 32 YEARS DELHI BASED PRINCIPAL. CORRESPONDENT IN A LEADING ENGLISH DAILY. WORKING GIRL (PREFERABLY CORPORATE SECTOR) CONTACT WITH BRIEF DETAILS OF GIRL / FAMILY TO R.N. KAW, 110 / 10, SECTOR-1, PUSHP VIHAR, NEW DELHI-110017. (PHONE 6511770) 7259-4-2000

* * *

ALLIANCE INVITED FOR OUR SON WORKING IN MULTINATIONAL HOUSE IN HONG-KONG SINCE JANUARY 1996. WIDELY TRAVELLED, SENIOR EXECUTIVE, NOVEMBER 1972 BORN, 5 FEET 4 INCHES TALL, FAIR AND QUITE HANDSOME BOY. PLEASE CORRESPOND AT BHATS, 301, SECTOR-29, NOIDA-201303. 4997-4-2000.

* * *

ALLIANCE INVITED FOR TWO KP BOYS (1) BORN DEC. 1968 MANGALIK 5'-11" , QUALIFIED CHARTERED ACCOUNTANT PRACTICING IN NEW DELHI. (II) BORN DEC 1970 , 6' MASTER IN COMPUTER MANAGEMENT FROM PUNE UNIVERSITY. HAD BEEN WORKING WITH A LEADING PUBLIC SECTOR COMPANY IN NOIDA AS SENIOR SYSTEM OFFICER. PRESENTLY IN U.S.A ON HIB VISA AT NEW JERSY. PLEASE CORRESPOND , P.N. RAINA SECOND FLOOR, RZ-25, (BACK PORTION) INDIRA PARK PANKHA ROAD, UTTAM NAGAR, NEW DELHI-110055 OR e mail rainasca@vsnlcom. TEL 5548237. 7354-4-222.

* * *

SUITABLE ALLIANCE SOUGHT FOR HANDSOME KP BOY (MODERATE MANGLIK) JUNE 69 / 5'-5" / B.A. HAVING OWN TELECOM BUSINESS IN DELHI, AND

OWN HOUSE IN GURGAON. EARLY MARRIAGE DESIRED. CONTACT RAVINDER RAINA, G-85, PHASE-I, NEW PALAM VIHAR, GURGAON. PH: 91-6367002, 6365014, 6365532. 7295-4-2000.

* * *

WANTED ALLIANCE FOR A TALL HANDSOME, 25 / 177, KASHMIRI PANDIT BOY, B.COM, DIPLOMA IN COMPUTERS OF FINANCIAL ACCOUNTING, SANGEET VISHARAD IN VOCAL CLASSICAL MUSIC, SERVING IN A REPUTED CO. AT CALCUTTA, BELONGS TO A REPUTED FAMILY HAVING ROOTS IN SRINAGAR. BOY WEARS +8 GLASSES AFTER ONE EYE WAS DAMAGED IN AN OPERATION IN EARLY CHILDHOOD. GIRL SHOULD BE A GRADUATE WILLING TO SETTLE IN CALCUTTA. MINOR HANDICAP IS ACCEPTABLE. CONTACT-0575-4605096, 91-4605966, 011-7481509, 0191-541509. 7319-4-2000.

* * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR MY SON APRIL 1972 BORN 180 CMS, HEIGHT . B.E COMPUTER ENGINEERING. WORKING IN MNC AT DELHI. TEKNI MATCHING ESSENTIAL. CORRESPOND B.K. SARUP , HOUSE NO-28, SECTOR-1, LANE NO-3, NANAK NAGAR, JAMMU -180004. PHONE: 437096.

* * *

WANTED A PROFESSIONALLY QUALIFIED MATCH FOR MY SON M.B.A. TEXAS, 32 / 5'-8" EMPLOYED IN TEXAS INSTRUMENTS U.S.A. BOY AVAILABLE IN JAMMU IN MID MAY .IMMEDIATE MARRIAGE DESIRED CONTACT M.K. WAKHLU, PAVNI CHAK, BY PASS, B.P.O. AKALPUR P.O. , TALAB TILLOO, JAMMU-180002. TEL : 0191-650176. 7277-04-2000.

* * *

ALLIANCE INVITED FOR A 5'-8", SMART BOY , BORN 77, DOCTOR SETTLED IN U.S.A, BELONGING TO RESPECTABLE FAMILY SETTLED IN U.S.A. FOR FURTHER DETAILS CONTACT SHRI M.N. ZUTSHI, HOUSE NO-800, SECTOR-11, PANCHKULLA. 7375-04-200.

* * *

WELL SETTLED JAMMU BASED KP FAMILY SEEKS A BEAUTIFUL, FAIR, WELL EDUCATED GIRL FOR A HANDSOME CONVENT EDUCATED, BOY 1971 BORN, 5'-10" COMMERCE GRADUATE RUNNING HIS OWN VERY WELL ESTABLISHED BUSINESS IN JAMMU. INCOME IN SIX FIGURES. CONTACT MR. K.L. RAINA, 55 / B / C GANDHINAGAR, JAMMU. PHONES 452020, 452021, 435347, OR DR. VIMARSH RAINA, E-410, G.K. PART-II, NEW DELHI. PHONES 6213563, 6210110. 7400-4-2000.

* * *

WANTED A WORKING KASHMIRI PANDIT GIRL FOR SANJAY MATTOO (MECH / ENGG/ HEIGHT 5'-6" DATE OF BIRTH 16-9-1972, WORKING AS AREA SALES OFFICER IN A MULTINATIONAL COMPANY BASED IN DELHI. SALARY DRAWING IN FIVE FIGURE.. CONTACT. TRILOKI NATH MATTOO, 331-2 / 4, FLAT NO-7, SECOND FLOOR, KALU RAM COMPLEX, MAIN BAZAR, MEHRAULI. DELHI-110030. PHONE : 6531207 / 6131406. 7360-4-2000.

* * *

Wanted Grooms

WANTED SUITABLE MATCH FOR A FAIR, GOOD-LOOKING AND CULTURED KP GIRL, 28 / 5'-4", FIRST CLASS MBA / ADVANCE COURSE IN COMPUTER APPLICATIONS. WORKING AS EXECUTIVE IN A BANKING CONCERN, FROM A WELL SETTLED AND PROFESSIONALLY QUALIFIED KP BOY. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIO-DATA TO K/S MAT BOX NO 7367-4-2000.

ALLIANCE INVITED FOR 1970 BORN MEDICO BDS DAUGHTER SERVING IN SOUTH DELHI HOSPITAL CONVENT EDUCATED WELL VERSED IN HOMELY AFFAIRS FROM PROFESSIONALLY QUALIFIED BOY ENGINEER DOCTOR ETC. PLEASE SEND TEKNI / BIODATA TO MAT BOX NO-7237-4-2000.

* * *

WANTED WELL PLACED PROFESSIONALLY QUALIFIED MATCH IN AGE GROUP 31 TO 35 YEARS FOR A CULTURED, HOMELY, CONVENT EDUCATED GIRL, M.A. MBA (PM & IR)-FIRST CLASS, 164 CMS HR EXECUTIVE, MNC DELHI. DRAWING FIVE FIGURE SALARY, FROM A WELL CONNECTED FAMILY. SEND TEKNI AND BIO-DATA / KULAWALI TO K / S MAT BOX NO-7052-4-2000

* * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR BEAUTIFUL SMART KP GIRL BORN AUGUST 74, 160 CMS, MBA, COMPUTER LITERATE. WORKING WITH LEADING I.T. COMPANY DRAWING 3 LAC PA, BELONGING TO CULTURED FAMILY. DELHI BASED. BOY'S MERIT, FAMILY BACKGROUND MAIN CONSIDERATION. CORRESPOND WITH TEKNI & BIODATA THROUGH KS MAT BOX NO-6029-4-2000.

* * *

ALLIANCE INVITED FOR A KASHMIRI PANDIT GIRL BORN 1974, B.Sc, FIRST CLASS PLUS COMPUTER PROFESSIONAL IN A MULTINATIONAL COMPANY LTD. AT DELHI. PLEASE CORRESPOND WITH TEKNI AND FULL PARTICULARS TO K/S MAT BOX NO-6394-4-2000.

* * *

SUITABLE MATRIMONIAL ALLIANCE FOR 27 YEARS / 5'-1", B.COM & HONS, DIPLOMA IN COMPUTERS / WORKING IN MNC AT DELHI. GOOD SALARY. K/S MAT BOX NO-7198-4-2000.

* * *

WANTED SUITABLE MATCH, PREFERABLY SOFTWARE ENGINEERS IN INDIA / US, FOR KP GIRL 77 BORN FAIR, 5'-6" B.E ELECTRONICS PLUS ADVANCED COURSE IN SOFTWARE ENGINEERING WORKING IN A MULTINATIONAL IT COMPANY IN MUMBAI. BELONGS TO A WELL SETTLED FAMILY IN MUMBAI. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA THROUGH K / S MAT BOX NO-7027-4-2000.

* * *

SUITABLE MATCH FOR CULTURED AND HOMELY K.P GIRL CONVENT EDUCATED MEDICO (MBBS) STEP-I, OF U.S.M.L.E CLEARED, NOW APPEARING FOR STEP-II. BORN JANUARY 1972, 5'-4" HEIGHT FROM RESPECTABLE AND WELL CONNECTED KP FAMILY. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIO-DATA THROUGH K/S MAT BOX NO-7030-4-2000. TEL: NO-0191- 461976.

* * *

WELL KNOWN KP FAMILY SEEKS ALLIANCE FOR THEIR HIGHLY QUALIFIED DAUGHTER (MANGALIK), PRESENTLY WORKING IN VANCOUVER, CANADA. GIRL VERY PETITE, FAIR, SLIM, HOMELY, BEAUTIFUL, 26 / 154 WITH BREIF NON-CONSUMMATED MISMATCHED MARRIAGE, LEGALLY ANNULLED. WELL QUALIFIED, ESTABLISHED PROFESSIONALS WITH CARING NATURE AND PLEASANT PERSONALITY SOUGHT. SETTLED IN INDIA OR ABROAD. BOY'S MERIT AND FAMILY BACKGROUND ONLY CONSIDERATION. CONTACT K/S MAT BOX NO-7172-4-2000

* * *

PROPOSAL INVITED FROM PROFESSIONALLY WELL QUALIFIED / SETTLED, MANGLIK / NON-MANGALIK BOYS FROM RESPECTABLE FAMILY FOR WELL GROOMED DAUGHTER 28 / 156 CM, MBA (IMS INDORE TOURISM) , ALSO COMPLETING MBA (MKTG) JUNE, MANAGERIAL CADRE MNC, DELHI, SALARY FIVE FIGURES. MERIT HOLDER EDUCATED IN GOOD SCHOOLS / CONVENTS. SELECTED BY WORLD BODY FOR NOMINATION AMONGST TOP YOUNG PROFESSIONALS 2000. PARENTS WELL PLACED SETTLED AROUND DELHI. SEND TEKNI / BIODATA K/S MAT BOX NO-7503-4-2000. CONTACT PH : 0118 OR 91-4551783. 7503-4-2000.

* * *

ALLIANCE INVITED FROM WELL PLACED, PROFESSIONALLY QUALIFIED, NON-MANGALIK BOY (BELOW 29), FOR DELHI BASED SMART, SLIM, FAIR, VEGETARIAN, 5'-3" / 1975 BORN KASHMIRI BRAHMIN MERITORIOUS GIRL, , B.Sc. HONS (CHEMISTRY) DELHI UNIVERSITY, MBA WITH DISTINCTIONS, PROBATIONARY OFFICER IN PRIVATE SECTOR BANK, FATHER SENIOR MANAGER PSU. CASTE NO BAR. CORRESPOND WITH BIODATA & TEKNI THROUGH K / S MAT BOX NO-7232-4-2000.

* * *

ALLIANCE INVITED FOR BEAUTIFUL, FAIR, M.Sc, ZOOLOGY, DIP IIN COMPUTERS KP GIRL IN THIRTIES. MARRIAGE DISSOLVED WITHIN FIFTEEN DAYS. ISSUELESS, CURRENTLY PURSUING M.C.A. CORRESPOND WITH K/S MAT BOX NO-7306-4-2000

* * *

SUITABLE ALLIANCE INVITED FOR A SLIM, SMART, BEAUTIFUL, CONVENT EDUCATED, NON KASHMIRI SPEAKING & VEGETARIAN GIRL. BORN 1975. 162 CM, 45 KG B.A. DIPLOMA IN COMPUTER MULTIMEDIA FOUNDATION DIPLOMA IN INTERIOR DESIGNING. PRESENTLY UNDERGOING WEB DESIGNING DIPLOMA FROM ARENA. CONTACT K/S MAT BOX NO-7317-4-2000

* * *

SUITABLE HANDSOME MATCH FOR (1) A CULTURED KASHMIRI BRAHMIN GIRL 29 / 155 / B.E COMPUTER) WORKING AS SCIENTIST IN MINISTRY OF DEFENCE. (II) SUITABLE HANDSOME MATCH FOR A CULTURED KASHMIRI BRAHMIN GIRL (25 / 156) B.E (ELECTRONICS) WORKING AS ENGINEER IN MNC. CORRESPOND THROUGH K/ S MAT BOX NO-7313-4-2000.

* * *

ALLIANCE SOUGHT FOR 29 YEAR OLD GIRL, M.TECH, WORKING AT SENIOR EXECUTIVE LEVEL. SIMPLE, HOMELY AND HIGHLY CONCERNED ABOUT FAMILY VALUE AND KASHMIRI TRADITION. LEGALLY DIVORCED ONE-DAY(1-DAY) MARRIAGE ONLY. EARLY AND DECENT MARRIAGE. CORRESPOND WITH K/S MAT BOX NO-5864-4-2000.

* * *

WANTED SUITABLE MATCH BELOW 40 YEARS FOR 44 YEAR DIVORCEE 168 CMS/ 64 KG WORKING IN PUBLIC LTD. COMPANY IN CHANDIGARH VERY SENIOR POSITION QUALIFIED GRADUATE ENGINEER VERY RESPECTABLE. KP FAMILY. NO ENCUMBRANCES CONTACT-KHUSHUS, E-007, ANANDLOK GROUP HOUSING SOCIETY, MAYUR VIHAR, PHASE-I, DELHI. TEL: 011-2250851 OR KAUL'S CHANDIGARH, Tel: 0172-691614. 7362-4-2000.

* * *

MATCH FOR A SIMPLE, INTELLIGENT, PRETTY, KP GIRL 26 YRS / 5'-8", BELONGING TO A VERY ACCOMPLISHED FAMILY, WITH A MASTERS IN PERSONNEL MGMT FROM PREMIER INSTITUTE, ALSO MASTERS IN MICROBIOLOGY FROM MUMBAI UNIVERSITY, PRESENTLY WORKING IN A TOP FMGC. MULTINATIONAL. SEEKING ALLIANCE WITH A SUITABLE BOY ANY DISCIPLINE FROM PREMIER INSTITUTE. CONTACT DR. P.K.SOPORY AT 143 / 5, TRIKUTA NAGAR, JAMMU TAWI-180012. OR AT C-24, , NOFRA, COLABA, MUMBAI-5 7489-4-2000

* * *

SUITABLE ALLIANCE INVITED FOR A KP GIRL 5'-8", SEPT 71 BORN PRESENTLY WORKING AS TEACHER IN A PUBLIC SCHOOL. PLEASE CONTACT WITH TEKNI / BIODATA TO SHRI B.L.RAINA (RAZDAN), F-277 B, PRATAP VIHAR, GHAZIABAD-201009, PHONE 4744424 (R) 6317-4-2000.

* * *

SUITABLE PROFESSIONALLY QUALIFIED MATCH FOR A SMART, WELL CULTURED KP GIRL, 25 / 5'-3". FIVE YEARS INTERIOR DESIGNING COURSE FROM REPUTED INSTITUTE AT AHMEDABAD. WORKING WITH A LEADING ARCHITECTURAL FIRM AT DELHI. KINDLY CORRESPOND B.L. BHAN, GI-851, SAROJINI NAGAR, NEW DELHI-110023. TEL: NO-4675034 7245-4-2000.

* * *

ALLIANCE INVITED FROM A SUITABLY QUALIFIED KP BOY FOR A SMART, WELL CULTURED KP MANGALIK GIRL 24 / 5'-2", BIO-CHEMISTRY (HONS.) IN FINAL YEAR MBA FROM I.M.T./ WORKING IN A REPUTED MULTINATIONAL AT DELHI. KINDLY CORRESPOND WITH BIODATA AND TEKNI B.L.BHAN, GI-851, SAROJINI NAGAR, NEW DELHI-110023. TEL NO-4675034.

* * *

WANTED HANDSOME KP BOY, ENGINEER, MBA / ENGINEER FROM PRESTIGIOUS INSTITUTION FOR MY DAUGHTER 1972 BORN 162 CM., MBA (MARKETING AND PERSONNEL) WITH DISTINCTION WITH DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION. CURRENTLY PURSUING PROFESSIONAL DIPLOMA IN INTERNATIONAL BUSINESS MANAGEMENT. PRESENTLY WORKING AS MANAGER (SALES) WITH A REPUTED COMPANY AT DELHI. CORRESPOND WITH TEKNI / BIODATA WITH V.KAUL, 3 /111, INDIRA VIHAR, OLD JANIPURA, JAMMU-180005. PHONE : 530579. 7401-4-2000.

* * *

MATRIMONIAL PROPOSAL INVITED FROM SUITABLE QUALIFIED BOY FOR KP GIRL, OCT. 66 / 5'-4", B.A.IIND YEAR +DIPLOMA IN COMPUTER. PRESENTLY WORKING AS COMPUTER TEACHER IN PRIVATE SCHOOL . CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA TO P.N. KOUL, H.NO-897-A, INDRA CHOWK, SUBASH NAGAR, JAMMU-180005. PH: 545656. 7246-4-2000.

* * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR HANDSOME GOOD LOOKING GIRL KASHMIRI PANDIT, BORN SEPTEMBER 1970, 5'-2", BA. WORKING IN INFORMATION & BROADCASTING MINISTRY, (G.O.I) AT JAMMU (TRANSFERABLE IN ANY PART OF INDIA) AS STAFF ARTIST BELONGING TO CULTURED FAMILY. BOY'S FAMILY BACKGROUND MAIN CONSIDERATION. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA. GOVT. QUARTER NO-27-D, TANGEWALI GALI, KACHI CHAWNI, JAMMU. 7014-4-2000.

* * *

WANTED SUITABLE MATCH (MANGALIK) FOR BEAUTIFUL KP GIRL, BORN SEPTEMBER 1972 (5'-3") B.A (IIND YEAR) FASHION DESIGNER FROM I I F T, NEW DELHI. WORKING WITH LEADING TATA GROUP OF COMPANIES AT DELHI. BELONGING TO CULTURED FAMILY. BOY'S FAMILY BACKGROUND MAIN CONSIDERATION. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA, GOVT. QUARTER NO-27-D, TANGEWALI GALI, KACHI CHHAWANI, JAMMU. 7014-4-2000

* * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR FAIR GOOD-LOOKING SMART KP GIRL AUGUST 70 / 5'-2" B.E (ELECTRONICS AND COMMUNICATION) AND COMPUTER ORACLE COURSE. WORKING IN A MNC SOFTWARE COMPANY AT DELHI. PLEASE CONTACT , B-3 / 146, SECTOR-34, NOIDA-201307. 6914-4-2000.

* * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR KP GIRL, SMART, HOMELY, B.PHARMA, 27 YEARS 5'-2", WORKING IN PHARMACEUTICAL MNC (PFIZER) AT BANGALORE DRAWING HANDSOME FIVE FIGURE SALARY. PLEASE CORRESPOND WITH TEKNI / BIODATA TO A.K. BHAT, RAVI CANAL PROJECT COLONY, KATHUA-184104. JAMMU (J & K) TEL: 01922-33486. 6992-4-2000.

* * *

WANTED HANDSOME BOY PROFESSIONALLY QUALIFIED PREFERABLY ENGINEER / COMPUTER SCIENCE / BUSINESS MANAGEMENT FOR OUR BEAUTIFUL, FAIR COMPLEXIONED DAUGHTER 29 / 150 CMS. CONVENT EDUCATED OUTSIDE KASHMIR HOLDING FIRST CLASS BACHELORS DEGREE FROM SAI BABA INSTITUTE (A.P) , POST GRADUATE COMPUTER APPLICATIONS FROM RAJASTHAN UNIVERSITY. STUDYING M.B.A (IGNOU) WORKING SOFTWARE COMPANY, DELHI AS TERRITORY MANAGER / FIVE FIGURES. KINDLY CORRESPOND KACHRU'S, C-671, NEW FRIENDS COLONY, NEW DELHI-110065. PH : 6313616. 7137-4-2000.

* * *

WANTED A SUITABLE DELHI BASED KP BOY FOR A 26 YEAR KP GIRL, A CENTRAL GOVT. EMPLOYEE, POSTED AT DELHI, SEND TEKNI / BIODATA TO CHEAP CLOTH STORES OLD JANIPUR, JAMMU. CONTACT NO: 0191-555878. 7087-4-2000.

* * *

ALLIANCE INVITED FOR A GOOD LOOKING GIRL FROM RESPECTABLE FAMILY 1973 BORN, 5'-2". HONOURS GRADUATE, PROFESSIONALLY QUALIFIED INTERIOR DESIGNER WORKING AS SR. INTERIOR DESIGNER IN A TOP RANKING HOUSING COMPANY ON A HANDSOME SALARY. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA TO M.K.. KOTRU, N-568, SECTOR-25, NOIDA-201301. TEL: 4543605. 7070-4-2000.

* * *

WANTED A WELL SETTLED PROFESSIONALLY QUALIFIED BOY DELHI BASED FOR A GIRL, JUNE 1968, BORN WORKING WITH MNC IN DELHI. HEIGHT 5'-4", FAIR COMPLEXION, M.COM MBA (FINANCE). CORRESPOND WITH BIODATA AND TEKNI TO SHRI M.K. KACHROO, C-29, OM NAGAR UDEYWALA P.O. SURYA VIHAR. VIA TALAB TILLOO, JAMMU-180002. 7206-4-2000.

* * *

SUITABLE ALLIANCE INVITED FOR MY DAUGHTER 1975 BORN 5'-5", BE ELECTRONIC AND TELECOMMUNICATION MERITORIOUS ACADEMIC RECORD, WORKING IN OIL MAJOR AS ENGINEER OFFICER. CORRESPOND WITH TEKNI / BIODATA TO JAILKHANI'S , 4-A, SHASTRI NAGAR, JAMMU. PH: 452196. 7029-4-2000.

* * *

ALLIANCE INVITED FOR A KP GIRL BORN 1970, 5'-4" B.Sc, P.G.D COMPUTER AND SYSTEM MANAGEMENT WORKING IN HAVELL'S INDIA WITH FOUR FIGURE SALARY. CONTACT GANJOOS, 16 A/ 107, VASUNDARA GHAZIABAD-U.P. TEL : 91-4775770. 7348-4-2000

* * *

WANTED QUALIFIED AND WELL SETTLED MATCH, IN AGE-GROUP 29-32, FOR A FAIR, PRETTY 5'-4", KP GIRL, B.TECH. FROM R.E.C AND ENGINEER IN REPUTED U.S MULTINATIONAL NEAR DELHI. CORRESPOND WITH TEKNI TO 112-C, MIG-FLATS, J &K POCKET, DILSHAD GARDEN, DELHI-95 7218-4-2000.

* * *

SUITABLE ALLIANCE INVITED FOR OUR DAUGHTER JANUARY 1970 BORN, 4'-8"M.A. B.Ed., TEACHING IN PRIVATE SCHOOL IN JAMMU. PLEASE SEND TEKNI / BIODATA TO POSHKAR NATH KOUL, H.NO-355, ANIL BHAWAN, REHARI COLONY, JAMMU. 7209-4-2000.

* * *

WANTED SUITABLE QUALIFIED BOY FOR HANDSOME, SLIM KP GIRL, 73 / 5'-6", DIPLOMA ELECTRONICS ENGINEERING. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA. TO JAGDISH LAL KADALBUJU, C/O MOHAN LAL PANDITA, SHOPKEEPER, BERNAI ROAD, BANTALAB, JAMMU. 7255-42000.

* * *

PROFESSIONALLY QUALIFIED MATCH DESIRED FROM RESPECTABLE WELL CONNECTED KP FAMILY FOR OUR DAUGHTER, SEPTEMBER, 1973 BORN , 160 CMS, B.E.(ELECT AND ELECTRONICS). PRESENTLY UNDERGOING ADVANCED SOFTWARE COURSE. FATHER RECENTLY RETIRED. AS PROFESSOR FROM GOVT. DEGREE COLLEGE JAMMU. PLEASE CORRESPOND WITH TEKNI / BIODATA AT BHAN'S, 3 B / C, GANDHI NAGAR, JAMMU (TAWI)-180004. TELEPHONE NO-0191-455495. 7351-4-2000.

* * *

Wanted Brides & Grooms

WANTED SUITABLE MATCH FOR A CULTURED GOOD-LOOKING GIRL FROM RESPECTABLE FAMILY BORN AUGUST 73, 5'-3" M.Sc, AUDIOLOGY AND SPEECH THERAPY. WORKING AS SPEECH THERAPIST IN A HOSPPITAL AT DELHI. KINDLY CONTACT WITH TEKNI / KULAWALI TO Mr. H.L.GHASI, SHRI BADRI NATH APPTS, SECTOR-4, FLAT NO-71, DWARKA, NEW DELHI / JAMMU HOUSE NO-5, SECTOR-2 JDA COLONY, ROOP NAGAR, JAMMU-7401-4-2000.

* * *

PROPOSAL FOR SMART, FAIR, KP GIRL 1971, BORN 5' TALL, B.A., B.Ed, DIPLOMA IN COMPUTER SOFTWARE, PRESENTLY DOING TEACHING JOB. CORRESPOND WITH TEKNI / BIODATA TO P.N. RAINA, 22-A, NEAR SATISH PROVISION STORES, VISHAL NAGAR, TALAB TILLOO, JAMMU. RESIDENCE TEL. NO- JAMMU 553049. SAHIBABAD-91-4611738. 7389-4-2000

* * *

WANTED SUITABLE BOY 26-30 YEARS FOR MANGALIK DOCTOR GIRL PRESENTLY WORKING AT JAMMU. CORRESPOND WITH TEKNI / FAMILY DETAILS TO 102-A, UNA ENCLAVE, MAYUR VIHAR-I, DELHI-110091. (TEL. # 011-2252118). OR JAMMU (TEL # 0191-592564) 7041-4-2000.

* * *

WANTED KASHMIRI PANDIT BOY, AGE 36-38 YEAR. QUALIFICATION B.E, CA, MBA MBBS, LEADING BUSINESS, FOR A Ph.D, GIRL WORKING LECTURER, SENIOR COLLEGE MUMBAI. CONTACT JAMMU. PHONE-593327 OR MUMBAI PHONES - 8971024. 7405-4-2000

* * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR PRETTY HOMELY GIRL, BORN APRIL, 1971, 10+2, ALSO DONE ONE AND HALF YEAR COMPUTER COURSE AND DIPLOMA IN QUALITY CONTROL MANAGEMENT AND ISO 9000; PRESENTLY WORKING AS COMPUTER TEACHER IN A REPUTED PUBLIC SCHOOL IN GWALIOR. CORRESPOND WITH TEKNI AND KULAWALI WITH B.N. DHAR, 385, JIVAJI NAGAR, THATIPUR, GWALIOR-474011. TEL : 0751-231527. 7559-4-2000

* * *

MATRIMONIAL PROPOSAL FROM KASHMIRI FAMILY ARE INVITED FROM PROFESSIONALLY WELL QUALIFIED AND WELL SETTLED . FOR (1) MANGALIK BOY, B.E (CERAMICS TECHNOLOGY) PDA COLLEGE / GULBARGHA / JULY 69 / 5'-5". WORKING AS ENGINEER IN REPUTED CONCERN AT NAIROBI (KENYA) EARNING A DECENT INCOME OWN FLAT AT SOUTH DELHI GIRL SHOULD BE WILLING TO ACCOMPANY BOY IMMEDIATELY AFTER MARRIAGE (2) GIRL DIPLOMA IN ELECTRONIC AND T.C. JULY-74/ 5'-6" WORKING IN A REPUTED COMPANY IN NEW DELHI. PLEASE . CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA, 170-C, PKT-12, DDA FLAT, JASOLA VIHAR, BEHIND APOLLO HOSPITAL, NEW DELHI-110044. TEL: NO-6955831. 7248-4-2000

* * *

ALLIANCE INVITED FOR (1) KP GIRL, BORN 1972, GRADUATE, BEAUTIFUL WORKING AS TEACHER (II) BEAUTIFUL AND EDUCATED GIRL FOR KP BOY BORN 1973, 5'-8", GRADUATE RUNNING HIS OWN BUSINESS AT MORADABAD. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIODATA AT KAUL'S , BEHIND Dr. BARUA, OPP. G.R.P., LINE PAR MORADABAD. (U.P) 244001. PH: (0591) 480436. 7250-4-2000.

* * *

ALLIANCE SOUGHT FROM RESPECTABLE, WELL CONNECTED KP FAMILY FOR MY HANDSOME SON 1970 / 6', M.B.A, EMPLOYED FOREIGN BANK (MANAGER) NEW DELHI. GIRL SHOULD BE PRETTY OF GOOD HEIGHT WITH POST GRADUATION, HOMELY AND LOVABLE TEMPERAMENT . BROUGHT UP OUTSIDE KASHMIR AND FOR MY DAUGHTER 1973 / 5'-6", BEAUTIFUL , CULTURED AND HOMELY GRADUATE DOING COMPUTER DIPLOMA.. THE BOY SHOULD BE TALL, WELL-SETTLED AND OF GOOD NATURE BROUGHT UP OUTSIDE KASHMIR INTERESTED PARTIES MAY PLEASE CONTACT. U. N. MUTTU, COTTAGE B-144, JULAKA MOHALLA, JAMMU. TELEPHONE 544142, WITH A COPY OF BIRTH CHART ALONGWITH BIODATA WITH FULL DETAILS IN FIRST INSTANCE OR CONTACT NOIDA TELEPHONE NO-500239. 6362-4-2000.

* * *

कोशुर समाचार

वर्ष 45 | अंक 1 | अप्रैल 2000

इस अंक में

कोशुर समाचार परिवार को 'नवरेह' सप्तर्षि संवत 5076 की हार्दिक शुभकामनाएं

चिन्तन

ब्राह्मणों ने ही तो धर्मशास्त्रों पर एकाधिकार जमाकर विधि-निषेधों को अपने ही हाथ में रखा था और भारत की दूसरी जातियों को नीच कहकर उनके मन में विश्वास जमा दिया था कि वे वास्तव में नीच हैं। यदि किसी व्यक्ति को खाते, सोते, उठते, बैठते, हर समय कोई कहता रहे कि 'तू नीच है', 'तू नीच है' तो कुछ समय के पश्चात् उसकी यह धारणा हो जाती है कि 'मैं वास्तव में नीच हूं।' इसे सम्मोहित (हिप्नोटाइज) करना कहते हैं।

मैं तो जाति-पांति के मामलों में किसी भी वर्ग के प्रति कोई पक्षपात नहीं रखता, क्योंकि मैं जानता हूं कि यह एक सामाजिक नियम है और गुण एवं कर्म के भेद पर आधारित है।

जात-पांत की ही बात लीजिए। संस्कृत में 'जाति' का अर्थ है वर्ग या श्रेणी विशेष। जाति का मूल अर्थ था प्रत्येक व्यक्ति की अपनी प्रकृति को, अपने विशेषत्व को प्रकाशित करने की स्वाधीनता और यही अर्थ हजारों वर्षों तक प्रचलित भी रहा।

जैसे हर एक व्यक्ति में सत्व, रज और तम, तीनों गुण न्यूनाधिक अंश में वर्तमान है, उसी प्रकार ब्राह्मण एवं क्षत्रिय आदि के गुण भी सब मनुष्यों में जन्मजात ही न्यूनाधिक मात्रा में विद्यमान रहते हैं। समय-समय पर उनमें से एक न एक गुण अधिक प्रबल होकर, उनके कार्यकलापों में प्रकट होता रहता है। आप मनुष्य का दैनिक जीवनक्रम लें—जब वह अर्थ-प्राप्ति के लिए किसी की सेवा करता है, तो वह शूद्र होता है; जब वह स्वयं अपने लाभ के लिए कोई क्रय-विक्रय करता है, तो उसकी वैश्य संज्ञा हो जाती है; जब वह अन्याय के विरुद्ध अस्त्र उठाता है, तो उसमें क्षात्र भाव सर्वोपरि होता है; और जब वह ईश्वरचिंतन में लगता है, भगवान का कीर्तन करता है, तो ब्राह्मणत्व को प्राप्त कर लेता है। यह स्पष्ट है कि मनुष्य के लिए एक जाति से दूसरी जाति में चला जाना संभव है। यदि नहीं, तो विश्वमित्र ब्राह्मण कैसे बन सके?....ब्राह्मण का पुत्र सर्वदा ब्राह्मण ही नहीं होता यद्यपि उसके ब्राह्मण होने की संभावना अवश्य होती है।

—**स्वामी विवेकानन्द**

कश्मीरी समिति, दिल्ली का मासिक प्रकाशन

सम्पादक—चमनलाल सप्रू

अतिथि सम्पादकीय

कश्मीर घाटी के अल्पसंख्यक

कश्मीर घाटी के अल्पसंख्यक बहुल गांवों को व्यापक सुरक्षा मुहैया कराने का जो निर्णय गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने लिया वह निर्णय तो बहुत पहले ही ले लिया जाना चाहिए था। कश्मीर घाटी से हिन्दुओं का तो लगभग पूरी तरह से पलायन हो ही चुका है, अब सिखों के पलायन का भी खतरा उत्पन्न हो गया है। पाक प्रशिक्षित आतंकवादी सिख बहुल गांवों में हमला करके सिखों को भयभीत कर देना चाहते हैं, ताकि हिन्दुओं की तरह वे भी पलायन करने को बाध्य हों। पिछले दिनों अनंतनाग जिले के चट्टी सिंह पुरा गांव में करीब चालीस सिखों की जो हत्या की गई वह एक सोची-समझी साजिश के तहत ही की गई। इस साजिश के दो उद्देश्य थे। पहला यह कि अमेरिका के राष्ट्रपति को यह मालूम हो जाए कि कश्मीर घाटी की स्थिति अत्यंत अशांत है और वहां युद्ध की सी स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। इस साजिश का दूसरा उद्देश्य सिखों और बचे-खुचे हिन्दुओं को कश्मीर घाटी से पलायन करने के लिए बाध्य करना है। शत्रुओं के ऐसे इरादों का दमन करने के लिए कोई ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों से निबटने के लिए अभी तक जो रणनीति बनाई है वह सफल नहीं हुई है। भले ही राज्य सरकार या भारत सरकार कोई भी दावा क्यों न करे, लेकिन सच यह है कि कश्मीर घाटी में आतंकवाद थमने के बजाय बढ़ता चला जा रहा है। कभी-कभार इस आतंकवाद में जो थोड़ी-बहुत कमी आ जाती है उसके आधार पर यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद नियंत्रण में आ रहा है। ध्यान रहे, सीमा पार से भाड़े के आतंकवादी भारतीय सीमा में बराबर प्रवेश कर रहे हैं। वे आतंकवादी कश्मीर घाटी और साथ ही देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनते चले जा रहे हैं।

चट्टी सिंह पुरा गांव में सिखों का जो नरसंहार हुआ उसका आकलन करने के लिए गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने इस गांव का जो दौरा किया वह अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उनके द्वारा अल्पसंख्यकों वाले गांवों की सुरक्षा के संदर्भ में जो निर्णय लिया गया उस संदर्भ में यह स्पष्ट नहीं है कि इन गांवों की सुरक्षा व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जाएगी अथवा केंद्र सरकार द्वारा या फिर दोनों के द्वारा। उचित यह होगा कि ऐसे गांवों की सुरक्षा के संदर्भ में कोई स्पष्ट नीति बनें। चूंकि कश्मीर घाटी के अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके मनोबल को भी ऊंचा उठाने की आवश्यकता है अत: उन्हें उचित प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। सीमा पार से आए आतंकवादियों से निबटने के संदर्भ में अभी तक कश्मीर घाटी के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वालों को न तो कोई ठोस प्रशिक्षण दिया गया है और न ही उन्हें आधुनिकतम हथियार प्रदान किए गए हैं। समझ में नहीं आता कि ऐसा करने में क्या कठिनाई है? कश्मीर घाटी में जो आतंकवादी सक्रिय हैं वे आधुनिकतम हथियारों से लैस हैं। इनका सामना पुराने जमाने की बंदूकों और रायफलों के सहारे नहीं किया जा सकता। ए.के. 47 रायफलों का मुकाबला तो आधुनिकतम हथियारों से ही किया जा सकता है। कश्मीर घाटी के अल्पसंख्यक बहुल गांवों में दो-चार हथियारबंद व्यक्तियों को तैनात करके उनकी सुरक्षा नहीं की जा सकती। ऐसी सुरक्षा से इन गांवों में रहने वालों का आत्मबल नहीं बढ़ाया जा सकता, जबकि आवश्यकता इसी बात की है। ध्यान रहे, चट्टी सिंह पुरा नरसंहार के बाद कश्मीर घाटी के अल्पसंख्यक अपने को बहुत असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

कश्मीर घाटी में आतंकवाद का जैसा बोलबाला है उसके संदर्भ में गृहमंत्री कुछ भी सोच रहे हों, वास्तविकता यह है कि वहां युद्ध की सी स्थिति नहीं, बल्कि युद्ध ही चल रहा है। यह ठीक है कि यह परोक्ष युद्ध है, लेकिन यह परोक्ष युद्ध प्रत्यक्ष युद्ध से भी कहीं अधिक गंभीर है। **कश्मीर घाटी की स्थिति न सुधरने का एक प्रमुख कारण यहां पाकिस्तान का अपनी हरकतों से बाज न आना है वहीं दूसरा प्रमुख कारण राज्य के पुलिस और प्रशासन में ऐसे लोगों का शामिल होना है जो प्रत्यक्ष न सही, परोक्ष रूप से आतंकवाद का समर्थन करते हैं अथवा उनके मन में आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति है। ऐसे लोग आस्तीन के सांप सरीखे हैं। इनसे निबटने के संदर्भ में कोई स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आती। कश्मीर घाटी में आतंकवादियों को स्थानीय जनता का कहीं कोई समर्थन नहीं प्राप्त है, ऐसा दावा नहीं किया जा सकता। आतंकवादियों द्वारा घरों और मस्जिदों में छिपकर पुलिस और सेना पर गोलियां चलाना यह बताता है कि स्थिति अत्यंत गंभीर है।** चूंकि हमारे सैनिक मस्जिदों में आसानी से प्रवेश नहीं कर पाते इसलिए उन्हें कहीं अधिक क्षति उठानी पड़ रही है। विगत दिवस उत्तरी कश्मीर में एक मेजर और जवान की हत्या कर दी उसे साधारण घटना के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। चूंकि ऐसी घटनाएं बढ़ती चली जा रही हैं इसलिए आतंकवाद के खिलाफ एक बिल्कुल नई रणनीति की आवश्यकता है। **इसके साथ ही आवश्यकता इस बात की भी है कि आतंकवाद से निबटने की जो भी रणनीति बने उसके अमल में दृढ़ संकल्प का परिचय दिया जाए।**

28 मार्च 2000

—दैनिक जागरण

आपकी बात

अक्तूबर अंक का कवर

प्यारे भैया चमन जी,

''नई शताब्दी ले कर आए सुखमय जीवन साथ
नए हितकर कार्यों में जुटी रहे लेखनी और हाथ''

कोशुर समाचार के कश्मीरी एवं हिन्दी भाग को दिन-ब-दिन अंग्रेजी भाग के साथ उन्नत देखते हुए असीम हर्ष हो रहा है। आपने तथा हलीम साहिब ने स्वास्थ्य को एक ओर रखकर इस पत्रिका को संवारने में जो संघर्ष किया वह सराहनीय है।

'कोशुर समाचार' के कवर पृष्ठ पर हमारे घर का चित्र छाप कर आपने हमारी भावनाओं को इस प्रकार उत्तेजना दी कि कलम रुक नहीं सकी। अपनी भावनाओं को कलमबंद करके भेज रही हूं। अच्छा प्रयास नहीं है फिर भी अपेक्षा करती हूं कि आप इसे पत्रिका में थोड़ा स्थान देंगे। पत्रिका इतने समृद्ध लेखकों की कृतियों से सज रही है कि इसमें अपनी गुंजाइश कम दिखती है। प्रभु समस्त लेखक वर्ग एवं कार्यकर्ताओं को आने वाली शताब्दी में सपने साकार करने का अवसर सुलभ करे।

आपकी हितैषी बहन

—राज दुलारी कौल

'गीतांजली', डलहौज़ी रोड, पठानकोट

•

न्यायमूर्ति शम्भुनाथ तथा नेताजी के साथी

आदरणीय सप्रू जी,

कोशुर समाचार के दिसम्बर, 1999 अंक में डॉ. बैकुंठनाथ शर्गा ने न्यायमूर्ति शम्भुनाथ पंडित का जीवन परिचय सर्वथा श्लाघ्नीय है। डॉ. शर्गा ने इन महापुरुषों की, इनके पिता की, पितामह की, पुत्रों की, पौत्रों की और दौहित्रों की जन्म तिथियों का रिकार्ड रखा है और यह भी याद रखा है कि इनके पूर्वज कब कश्मीर से बाहर आए थे। उनका पुस्तकालय कश्मीरियों के लिए खजाना है। आशा है आने वाले समय में भी डॉ. शर्गा इस निधि में से हीरे निकाल निकाल कर अपनी परिपक्व शैली द्वारा हमारा मार्ग दर्शन करते रहेंगे।

आपने कैप्टेन दीनानाथ जाडू और कांति चन्द्र की साहस की कथा सुना कर मेरी आंखें खोल दीं। जब यह दो युवक आई.एन.ए. में चले गए इनके पिताजी अमरसिंह कॉलिज में मुझे मालविकाग्निमित्रम् इत्यादि पुस्तकें पढ़ाया करते थे। प्रो. जगद्धर जाडू के सुपुत्रों के अदम्य साहस का पता मुझे आपकी लेखनी द्वारा प्राप्त हुआ।

धन्यवाद

—जगन्नाथ धर

बी-48, गुलमोहर पार्क

नई दिल्ली-110049

•

ओजस्वी कविताएं

आदरणीय श्री सप्रू जी,

नमस्ते!

एक लंबे अंतराल के पश्चात पत्र लिख रही हूं। किन्हीं कारणों से ऐसा न हो सका। 'कोशुर समाचार' निरंतर मिल रहा है। कविताएं ओजस्वी होती हैं और लेखों का स्तर भी अच्छा है। कृपया कभी-कभार कश्मीरी लोक कथाएं भी सम्मिलित किया कीजिए। एक कविता भेज रही हूं यदि उचित लगे, तो कृपया छाप दीजिएगा।

अपनी कविता को अंग्रेजी अनुभाग में देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई, यद्यपि यह कविता मैंने बहुत पहले भेजी थी और छपने की आस छोड़ दी थी। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

आपकी शुभचिंतका

—सोनिका दुरानी

श्रीनगर

•

नेताजी नवयुवकों के प्रेरणा स्रोत थे

आदरणीय सप्रू जी, नमस्कार!

'आपकी बात' स्तंभ में (फरवरी 2000) 'अदम्य साहस प्रेरणादायक' पत्र पढ़ा। जब मैं 1941 से 1947 तक डी.ए.वी. कालिज लाहौर में पढ़ता था तब नवयुवकों में नेताजी श्री सुभाष चंद्र बोस के प्रति असीम श्रद्धा थी।

डॉ. बैकुण्ठनाथ शर्गा का यह सुझाव बहुत ही प्रासंगिक है कि शीघ्र नेताजी के पैत्रिक निवास को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित किया जाए।

भवदीय

—(प्रो.) कृष्णलाल भल्ला

368 रिहाड़ी कालोनी, जम्मू

•

संत समागम संस्थान

संत समागम शोध संस्थान की स्थापना मेरे द्वारा सप्तऋषि संवत 5069 में हुई। इसकी स्थापना एक छोटे से संकल्प से हुई जिस कारणार्थ आगे चलकर अनुसंधान कार्य हेतु इस शोध संस्थान की स्थापना करना अनिवार्य हो गया। तथा इसके प्रथम प्रधान, **पंडित जानकीनाथ कौल 'कमल'** द्वारा इसे 'संत समागम' का नाम मिला। अपितु यह छोटा सा संस्थान अभी तक न तो पंजीकृत है न ही इसका कोई निजी कार्यालय है। परंतु छोटी-छोटी सभाओं का आयोजन तथा कार्यालय संबंधी सारा कार्य मैं अपने ही घर में चलाता हूं।

वक्त की नज़ाकत तथा खलदंडित समाज की संस्कृति के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए संस्थान के नियमों तथा उद्देश्यों ने भी एक अलग रूप ले लिया। इनमें से मुख्य उद्देश्यों का वर्णन आगे दिया गया है।

आभारी हूं मैं संस्थान के प्रधान का, शोध निदेशक, पंडित अनुपम कौल का तथा अन्य सभी सदस्यों का जिन्होंने संस्थान को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया।

मुख्य उद्देश्य :-

(क) कश्मीरी पंडित नवयुवकों को उनके सनातन धर्म, संस्कृति, सभ्यता, इतिहास, साहित्य तथा कर्मकांड, के विषय में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करना।

(ख) शारदा लिपि का कश्मीरी पंडित नवयुवकों में प्रचार करना।

(ग) कश्मीर शैव दर्शन के बारे में कश्मीरी पंडित नवयुवकों के समक्ष सारी जानकारी उपलब्ध करना।

(घ) अपनी खलदंडित संस्कृति, सभ्यता तथा साहित्य को आगे बढ़ाने हेतु नवयुवकों में चेतना जगाना।

(ङ) कश्मीर के संतों, विद्वानों, इतिहासकारों, साहित्यकारों तथा व्याकरणकारों के विषय में अत्यधिक जानकारी देना।

(च) कर्मकांड संबंधी कोई भी वस्तु (ओट्यपन, योनि तथा पुस्तकें आदि) युवकों को नि:शुल्क प्रदान करना।

उपरिलिखित सभी उद्देश्यों को काम में लाने हेतु तथा इन्हें और भी उच्च ढंग से काम में लाया जाए इसलिए संस्थान अपने समाज के प्रतिष्ठित लोगों तथा जनता से यह नम्र निवेदन करता है कि वे सभी यथा सुविधा अपने सुझाव संस्थान के पते पर भेजने का कष्ट करें।

इस कार्य हेतु समाज की जनता तथा श्रद्धालुओं से यह भी प्रार्थना है कि यदि वे संस्थान के उद्देश्यों से सहमत हों तो संस्थान की थोड़ी बहुत वित्तीय सहायता करने का भी कष्ट करें। दान केवल संस्थान के नाम पर तथा केवल चक (लोकल), ड्राफ्ट और मनीआर्डर द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कृपया दानी अपना पूरा नाम तथा पता भी भेजें।

आशा है हमारे समाज की जनता इस कार्य में हमारा पूरा-पूरा सहयोग देगी तथा हमारा उत्साह बढ़ाएगी।

सदैव कश्मीरी पंडित नवयुवकों की सेवा में तत्पर।

—मृणाल कौल 'मार्तण्ड'

संयोजक, संत समागम शोध संस्थान

37/4, पंडोका कालोनी, पलौरा

जम्मू (तवी)-181122

मुस्लिम कालोनियों का बढ़ता जाल

जम्मू भी कश्मीर की राह पर!

—महाराजकृष्ण भरत

जम्मू संभाग को मुस्लिम बहुल बनाने के उद्देश्य से जहां पांच दशक पहले सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस ने जिलों के पुनर्गठन की संदेहास्पद योजना को क्रियान्वित किया था, जम्मू शहर के इर्द-गिर्द मुस्लिम कालोनियों का निर्माण कराया था, वहीं अब पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई.एस.आई. अपने एजेंटों के माध्यम से हिंदू बहुल जम्मू क्षेत्र के जनसांख्यिकीय स्वरूप (डेमोग्राफिक करेक्टर) को बदलने में संलिप्त है। आई.एस.आई. के इस षड्यंत्र का सीधा और स्पष्ट अर्थ यह है कि जम्मू के हिंदू बहुल जिलों के स्वरूप को खंडित कर वहां अधिक से अधिक मुसलमानों को बसाना, ताकि जनसंख्या का अनुपात असंतुलित हो जाए और हिंदू बहुल इलाके भी मुस्लिम बहुल बन जाएं। दूसरा जम्मू के मुस्लिम बहुल जिलों से योजनाबद्ध तरीके से अल्पसंख्यक हिंदुओं को खदेड़ना ताकि वहां शत प्रतिशत जनसंख्या एक ही संप्रदाय की रहे। इसके पीछे आई.एस.आई. के आधार पर दिया जा रहा है क्योंकि 1991 में आतंकवाद के कारण जम्मू-कश्मीर में जनगणना न हो सकी। हिंदू बहुल जम्मू क्षेत्र जहां संभाग की कुल जनसंख्या में हिंदुओं की जनसंख्या 66.32 प्रतिशत है, इसी जनसंख्या के अनुपात को आई.एस.आई. खंडित करना चाहती है, क्योंकि घाटी की कुल जनसंख्या में मुस्लिमों का प्रतिशत 94.7 है और उधर लद्दाख के दो जिलों में करगिल मुस्लिम बहुल और लेह बौद्ध बहुल है। राज्य में केवल जम्मू संभाग ही हिंदू बहुल है।

देश-विभाजन से पूर्व भी जम्मू संभाग के छह जिले थे—जम्मू, रियासी, उधमपुर, कठुआ, मीरपुर और पुंछ। 22 अक्तूबर 1947 को पाकिस्तानी कबाइली हमलावरों ने सीमावर्ती मीरपुर और पुंछ जिलों का अधिकांश भाग हथिया लिया। आज यही भूभाग पाकिस्तान के कब्जे में है जिसे वह 'आजाद कश्मीर' कहता है। जब 1949 में राज्य के

आई.एस.आई. जम्मू के डेमोग्राफिक स्वरूप को बदलने के प्रयास में : पुलिस महानिदेशक

की यही मंशा है कि वह कश्मीर की तरह जम्मू क्षेत्र में भी अपनी पकड़ को सुदृढ़ कर सके। जम्मू संभाग के जनसांख्यिकीय स्वरूप को बदलने की इस कुचेष्ठा के पीछे छिपे तथ्यों को उघाड़ने की आवश्यकता है, ऐसा भी नहीं कि राज्य की पुलिस या गुप्तचर एजेंसियां इस खतरनाक षड्यंत्र से भिज्ञ नहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि जम्मू संभाग के छह जिले हैं—जम्मू, ऊधमपुर, डोडा, राजौरी, पुंछ और कठुआ। इन जिलों में जम्मू, ऊधमपुर और कठुआ हिंदु बहुल है जबकि डोडा, राजौरी और पुंछ मुस्लिम बहुल। जम्मू संभाग की कुल जनसंख्या में मुस्लिमों का प्रतिशत 29.60 है जबकि हिंदुओं का प्रतिशत 66.32 है। यह आंकड़ा 1981 की जनगणना शेष जिलों का पुनर्गठन किया गया, तो रियासी के जिले होने का दर्जा समाप्त कर दिया गया और दो नए जिलों—राजौरी और डोडा का गठन किया गया। ऐसी क्या आवश्यकता आ पड़ी थी कि तत्काल दो नए जिलों का गठन करना पड़ा, यदि दो नए जिले बनाए गए तो रियासी जिले का दर्जा क्यों समाप्त कर दिया गया। इन जिलों के पुनर्गठन के पीछे जो मानसिकता काम कर रही थी, वह सांप्रदायिक थी। जम्मू संभाग के हिंदू बहुल जिलों के स्वरूप को खंडित कर मुस्लिम बहुल जिलों का निर्माण करना ही इस मानसिकता का उद्देश्य रहा है। रियासी क्योंकि हिंदू बहुल जिला था और उधमपुर जिले में डोडा का क्षेत्र शामिल होने के बाद भी यह हिंदू बहुल इलाका कहलाता था, पर

ऊधरपुर जिले से डोडा का वह क्षेत्र, जिसमें बनिहाल, रामबन, बटोत, किश्तवाड़, भद्रवाह और डोडा का इलाका आता था अलग कर एक जिला बनाया गया। परिणामस्वरूप हिंदू बहुल ऊधमपुर क्षेत्र के आसपास मुस्लिम बहुल डोडा जिले का गठन किया गया। रियासी एक तहसील बन गई—ऊधमपुर जिले की। उधर हिंदू बहुल जम्मू क्षेत्र में मुस्लिम बहुल राजौरी जिले का गठन किया गया।

जम्मू संभाग में पुंछ और राजौरी सीमावर्ती जिले हैं वही जम्मू शहर के आर.एस. पुरा सेक्टर, नोशहरा एवं कठुआ जिले का अधिकांश भाग पाकिस्तानी सीमा से सटा हुआ है। प्रायः आतंकवादी राजौरी और पुंछ जिलों से घुसपैठ कर भारतीय इलाके में घुस आते हैं और पहाड़ी दर्रों से डोडा के पहाड़ी इलाके में पहुंच कर अपने कुकृत्यों में संलिप्त हो जाते हैं। डोडा जिले का क्षेत्र जो कश्मीर वादी से पहाड़ी मार्ग से भी मिलता है में आतंकवादी घाटी से पहाड़ी दर्रों से इस क्षेत्र में घुस आते हैं। ध्यान रहे कि किश्तवाड़ (डोडा जिला) से डक्सुम (कश्मीर में) तक का पैदल रास्ता दो दिन का है। प्रायः आतंकवादी इसी रास्ते से आते हैं। चूंकि डोडा जिले का क्षेत्र हिमाचल प्रदेश से सटा हुआ है, इस कारण आतंकवादी इस राज्य में भी पहाड़ी रास्तों का सहारा लेकर घुस जाते हैं। 3 अगस्त 1998 को हिमाचल प्रदेश में आतंकवादियों ने 35 मजदूरों की निर्मम हत्या की थी।

यहां बताना प्रासंगिक होगा कि राजौरी, पुंछ और डोडा के जिलोंमें आतंकवादी अल्पसंख्यक हिंदुओं को चुन चुनकर अपना निशाना बना रहे हैं ताकि इन क्षेत्रों में शत-प्रतिशत जनसंख्या एक ही संप्रदाय की रहे। वहीं हिंदू बहुल ऊधमपुर, जम्मू और कठुआ में भी अपने कुकृत्यों को अंजाम दे रहे हैं। जम्मू और कठुआ क्षेत्रों में आतंकवादी बम विस्फोटों से आतंक फैलाने का कुप्रयास कर रहे हैं। हाल ही में जम्मू के रघुनाथ बाजार में बम विस्फोट हुआ था। गत दिनों जम्मू से दिल्ली की ओर जा रही पूजा एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में विस्फोट हुआ था, जिसमें 14 व्यक्तियों की जानें गई थीं और करीब 50 लोग घायल हुए थे। यह विस्फोट तब हुआ था जब रात करीब 8.30 बजे पूजा एक्सप्रेस कंदरोड़ी रेलवे स्टेशन (हिमाचल प्रदेश) के पास से गुजरती रही थी। उधर कठुआ में 19 नवंबर 1999 को मोहम्मद अज़ीज नाम के पाकिस्तानी नागरिक को उसके दो साथियों समेत गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि यह आतंकवादी आई.एस.आई. को सीमा क्षेत्र में बी.एस.एफ. की गतिविधियों और अपने षड्यंत्रों की जानकारी देते थे। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि कठुआ जिले के जनसांख्यिकी स्वरूप को बदलने के लिए आई.एस.आई. ने अपने एजेंटों को जगह-जगह तैनात किया है, जहां वह हम मजहबी लोगों के यहां शरण लिए हुए हैं। यह आतंकवादी घने जंगलों या सीमा पार की घुसपैठ के दौरान गिरफ्तार नहीं किए गए वरन सरकारी वन विभाग के एक कर्मचारी-वन गार्ड के घर से गिरफ्तार किए गए। ऐसी अतीत की कुछ और घटनाओं का उल्लेख भी किया जा सकता है, पर हम केवल घटनाओं भर का उल्लेख न करते रह जाएं। मूल विषय के प्रतिपाद्य को उजागर करना नितांत आवश्यक है। जम्मू संभाग के साम्बा क्षेत्र में तो आए दिन आतंकवादी गिरफ्तार किए जाते हैं और उनसे गोला बारूद भी जब्त किया जाता है।

पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने अप्रैल 1998-99 के दौरान जम्मू के ऊंचाई वाले इलाकों में दो सौ से अधिक हिंदुओं को अपना निशाना बनाया। 17-18 अप्रैल 1998 को ऊधमपुर जिले के प्रणकोट गांव में 26 हिंदुओं का कत्लेआम किया गया, वहीं 24 जून 98 को चपनाड़ी में 25 लोग मारे गए और 29 जुलाई 1998 को जिला डोडा के ठकराई गांव में 17 व्यक्तियों को मौत के घाट उतारा गया। नरसंहार का यह क्रम नहीं थमा। 26 जुलाई 1998 को भागवा गांव में 4, एक अगस्त 1998 को हरी बुड्ढा में 4, 2 अगस्त 1998 को कासना में 3, तीन अगस्त 1998 को बफ्लाज में 20, मोहर में 8 तथा एक जनवरी 1999 को सिंघलदाना में1, पांच जनवरी 1999 को कंठी में 3, 12 फरवरी 1999 को चल्लड़ में 4, 19 फरवरी 1999 को जिला ऊधमपुर में 9, 20 फरवरी 1999 को बलजराना (राजौरी जिला) में 7, कालाकोट (राजौरी जिला) में 4, चन्नी चासना (ऊधमपुर जिला) में 4, तथा सिंघलदाना (ऊधमपुर जिला) में 2 व्यक्ति मारे गए।

प्रणकोट गांव में जब सामूहिक हत्याकांड हुआ तो हमारे देश के गृहमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी घटनास्थल पर गए और वहां की स्थिति का गंभीर रूप से अध्ययन किया। उनके साथ डोडा-ऊधमपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद और वर्तमान में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री प्रो. चमनलाल गुप्ता

भी थे। श्री आडवाणी ने तब इस हत्याकांड के पीछे छिपी आतंकवादियों की मंशा को स्पष्ट करते हुए कहा था कि आतंकवादियों को एक विशेष समुदाय के सदस्यों के निष्क्रमण के लिए सीमा पार से निर्देश प्राप्त होने की सूचना है। आतंकवादी डोडा, राजौरी, ऊधमपुर के संवेदनशील इलाकों से हिंदुओं को स्थानांतरित करने की चेष्टा कर रहे हैं। गृहमंत्री ने भारत विरोधी आतंकवादियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा। तब प्रो. चमनलाल गुप्ता ने आतंकवादियों के कुकृत्य तथा इसके पीछे छिपी उनकी मंशा का संसद में खुलासा किया था। चपनाड़ी गांव में आतंकवादियों ने 25 लोगों की हत्या की और जिस तरीके से ये हत्याएं की गईं उसका ब्यौरा 4 जुलाई 1998 को प्रो. गुप्ता ने संसद में दिया। उन्होंने संसद को यथास्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि 'आतंकवादियों ने वहां पर पूरी की पूरी दो बरातें समाप्त कीं। उन आतंकवादियों का जो नेता था, उसने यह कह कर कि यहां पर जितने मुसलमान हैं वह अलग हो जाएं और हिंदू अलग हो जाएं, तब इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया।' प्रो. गुप्ता ने जोर देकर कहा था कि इस तरह से वे (आतंकवादी) उस इलाके में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रो. गुप्ता को इस तथ्य से भी इनकार नहीं है कि किस तरह से आतंकवादी जम्मू के जनसांख्यकीय स्वरूप को बदलने की कुचेष्टा में संलिप्त हैं।

उल्लेखनीय है कि जम्मू क्षेत्र में बढ़ रही आतंकवादी गतिविधियों और नरसंहार की घटनाओं को उजागर करते हुए 19 मार्च 1999 को नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णलाल शर्मा (अब दिवंगत) तथा प्रो. गुप्ता ने प्रेस को एक रिपोर्ट जारी की। राज्य के प्रभावित क्षेत्रों का प्रत्यक्ष रूप से जायजा लेने के बाद उक्त रिपोर्ट तैयार की गई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि पांच हजार लोग आतंकवादियों की हत्याओं के भय से अपना घर बार छोड़ कर रियासी में शरण लिए हुए हैं। ये लोग प्रणकोट, नरकोट, ढाकीकोट, चल्लड़, बाज़ली, छन्ना, कंठी आदि के आसपास के गांव के लोग हैं। रिपोर्ट के अनुसार 'स्थानीय मुसलमानों ने अपना एक निहित स्वार्थ बना लिया है और वे नहीं चाहते कि हिंदू वापस लौट आएं।' रिपोर्ट में बताया गया है कि आतंकवादी और उनके अलगाववादी आकाओं की यह निश्चित छल योजना है कि वे हिंदुओं को सामूहिक रूप से बाहर निकाल करके विशेष उद्देश्य से राजौरी, पुंछ और ऊधमपुर क्षेत्रों में अपना आतंक जाल फैलाएं। उन्होंने यही चाल कश्मीर क्षेत्र से हिंदुओं को खदेड़ने के लिए घाटी में भी चलाई थी। रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादियों की नवीनतम गतिविधियां इसी धूर्ततापूर्ण इरादे से भी की गईं, क्योंकि राजौरी और पुंछ—यह दोनों ही भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के निकट हैं। यदि आतंकवादियों ने इस क्षेत्र में अपना आदेश चलाना सुनिश्चित कर लिया तो इससे सुरक्षा के गंभीर खतरे पैदा हो जाएंगे। हालांकि रिपोर्ट में सरकार से आतंकवादियों के विरुद्ध निश्चित रणनीति तैयार करने की बात को सुझाया गया है।

हिंदू बहुल जम्मू संभाग के जनसांख्यिकीय स्वरूप को बदलने के लिए प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी गुट जो षड्यंत्र इस क्षेत्र में चला रहा है, उसका खुलासा करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के नेता जम्मू कश्मीर में इस्लामी अलगाववाद को भड़काने में सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं और वे समाज का इस्लामीकरण तथा इस्लामी आतंकवाद को निरंतर पोषित करने को बढ़ावा देते रहे हैं। अब वे राजौरी, पुंछ और ऊधमपुर के आसपास अपनी गतिविधियां चलाते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। वे अपनी गतिविधियां तथाकथित हुरियत की आड़ में चला रहे हैं।

राजौरी में कट्टरपंथी तत्व कितने सक्रिय हैं इसका पर्दाफाश करते हुए उक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकार ने सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा प्रयोग में लाई जा रही एक इमारत को, एक निकटवर्ती मस्जिद को सौंप दिया। यह कार्य विरोध करने के बावजूद किया गया। यह कार्य वक्फ बोर्ड को सार्वजनिक संपत्ति के ऐसे हस्तांतरण की कोई कानूनी स्वीकृति न होने के बावजूद किया गया। यह मस्जिद नियंत्रण रेखा के निकट स्थित है।

उक्त रिपोर्ट का उल्लेख इस तथ्य की पुष्टि के लिए किया गया कि आई.एस.आई. और कट्टरपंथी संगठन जम्मू संभाग के जनसांख्यिकी स्वरूप को किस-किस तरीके से बदलने में संलिप्त हैं। जब जम्मू के जनसांख्यिकीय स्वरूप को परिवर्तित करने के षड्यंत्र के बारे में राष्ट्रवादी संगठन बोलते थे या बोलते रहे हैं तो ऐसे अवसरों पर वामपंथी विचारधारा के लोग यह कहते हुए उनका विरोध करते थे और करते रहे हैं कि यह सोच सांप्रदायिक है, मुस्लिम विरोधी है, पर आज जब राष्ट्रवादी संगठनों की बात को

जम्मू कश्मीर राज्य के पुलिस महानिदेशक दोहरा रहे हैं तो वामपंथी चुप हैं क्योंकि यदि वह इस बार भी बोल पड़ेंगे तो उन्हें क्या परिणाम भुगतने होंगे, यह तो वे जान ही गए होंगे। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह बात न तब सांप्रदायिक थी और न अब है वरन तथ्यों की अनदेखी करना, उनको तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करना देश विरोधी है, राष्ट्र की संप्रभुत्ता, एकता एवं अखंडता के विरुद्ध एक षड्यंत्र ही कहा जाएगा।

गत दिनों जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक श्री गुरबचन जगत ने जम्मू में आयोजित एक विचार-गोष्ठी के दौरान जम्मू संभाग के जनसांख्यिकी स्वरूप को बदलने की आई.एस.आई. के षड्यंत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऊपरी ऊंचाई वाले इलाकों से बलपूर्वक हिंदुओं को खदेड़ने में असफल होने के बाद पाकिस्तान की इंटर सर्विसिस इंटेलिजेंस (आई.एस.आई.) अपने नापाक षड्यंत्रों को पूरा करने के लिए अब जम्मू संभाग के डेमोग्राफिक करेक्टर (जनसांख्यिकीय स्वरूप) को बदलने की एक ओर खतरनाक योजना में संलिप्त हो गई है। पुलिस महानिदेशक का कहना है कि आतंकवादियों ने पुंछ, राजौरी, बुधल, महोर, प्रणकोट और अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में जघन्य हत्याकांड किए, केवल हिंदुओं को इन ऊंचाई वाले इलाकों से बलपूर्वक खदेड़ने के लिए। उनका दावा है कि आई.एस.आई. के इन षड्यंत्रों को कुछ हद तक सुरक्षा बलों ने असफल कर दिया है, जबकि बार-बार हत्याकांड करवाने के बावजूद दुश्मन हिंदुओं को स्थानांतरित करने में असफल हो गया तो आई.एस.आई. ने पूरे पीर पंजाल की पर्वतमालाओं के जनसांख्यिकीय स्वरूप को बदलने के लिए अपने एजेंटों की सहायता से इन क्षेत्रों में रह रहे हिंदुओं से जमीनें खरीदना शुरू कर दिया है। यह तथ्य उद्घाटित करते हुए उन्होंने कहा कि आई.एस.आई. अपने इस नए षड्यंत्र को अमल में लाने के लिए काफी धन—जाली तथा असली मुद्रा के रूप में बहा रही है और उसने अपने एजेंटों से अल्पसंख्यक समुदाय (हिंदुओं) से किसी भी मूल्य पर जमीन खरीदने को कहा है। यहां बताना प्रासंगिक होगा कि राज्य की कुल जनसंख्या में मुस्लिमों का प्रतिशत 64.2 है और यही प्रतिशत राज्य को मुस्लिम बहुल बनाता है। राज्य का हिंदू तो अल्पसंख्यक ही कहलाया जाएगा।

आई.एस.आई. के मंसूबों का पर्दाफाश करते हुए पुलिस

तथ्य

जम्मू संभाग लखनपुर से जवाहर सुरंग के दामन बनिहाल तक तथा दूसरी ओर जिला डोडा से सीमावर्ती राजौरी और पुंछ जिलों तक फैला हुआ है। इस संभाग की सीमाएं पंजाब और हिमाचल प्रदेश से सटी हुई हैं वहीं दक्षिण में पीर पंजाल की पर्वतमालाएं तथा पश्चिम और उत्तरी पश्चिमी सीमाएं पड़ोसी देश पाकिस्तान से मिलती हैं। जम्मू क्षेत्र का क्षेत्रफल 26 हजार 293 वर्ग किमी. है, जो राज्य का 25.96 प्रतिशतवां भाग है। क्षेत्रफल की दृष्टि से लद्दाख सबसे अधिक बड़ा है, जिसका क्षेत्रफल 59 हजार 146 वर्ग किमी. है। जम्मू क्षेत्र दूसरे क्रम पर है। कश्मीर घाटी तीसरे क्रम पर है जिसका क्षेत्रफल 15 हजार 948 वर्ग किमी. है। जम्मू कश्मीर राज्य का संपूर्ण क्षेत्रफल 2 लाख, 22 हजार, 236 वर्ग किमी. है पर अब भारत के अधीन केवल 1 लाख, 9 हजार, 387 वर्ग किमी. बचा है। शेष 78,114 वर्ग किमी. पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है। इसके अतिरिक्त 5,180 वर्ग किमी. का क्षेत्र पाकिस्तान ने चीन को अवैध रूप से दे दिया।। चीन ने भी 37,555 वर्ग किमी. क्षेत्र हथिया लिया है।

हिंदुओं की जनसंख्या 1981 की जनगणना के अनुसार राज्य की कुल जनसंख्या का 32.24 प्रतिशत है जबकि मुस्लिमों की जनसंख्या क्रमशः 64.2 प्रतिशत है। प्रदेश में बौद्धों तथा सिखों की जनसंख्या क्रमशः 1.1 प्रतिशत तथा 2.1 प्रतिशत है। घाटी की कुल जनसंख्या में से मुस्लिमों की जनसंख्या 94.7 प्रतिशत है और जम्मू की कुल जनसंख्या में हिंदुओं का प्रतिशत 66.32 है। प्रदेश की कुल जनसंख्या में से कश्मीर घाटी में हिंदुओं की जनसंख्या 2.07 है। जम्मू संभाग की कुल जनसंख्या में मुस्लिमों का प्रतिशत 29.60 है।

1961 की जनगणना के अनुसार जम्मू क्षेत्र की कुल जनसंख्या 15,68,982 थी, जिनमें 5,98,492 व्यक्ति मुस्लिम थे, यानी कि कुल जनसंख्या का 38वां प्रतिशत, जबकि सिखों की आबादी 46,273 थी। जिलेवार जनसंख्या के आंकड़े बताते हैं कि केवल तीन जिलों—ऊधमपुर, जम्मू और कठुआ, में हिंदुओं का प्राधान्य रहा है जबकि डोडा, पुंछ और राजौरी मुस्लिम बहुल। ऊधमपुर में 1,65,506 हिंदू 51,847 मुस्लिम और 2,259 सिख थे जबकि जम्मू में हिंदुओं की संख्या

बोलते हैं......

4,28,835, मुस्लिमों की 51,847 एवं सिखों की 32,788 थी। कठुआ में 1,77,666 हिंदू थे जबकि वहां 27,005 मुस्लिम और 2,553 सिख बसते थे। उधर पुंछ में 2,59,082 मुस्लिमों की अपेक्षा 58,712 हिंदू और 8,193 सिख थे, जबकि डोडा में 1,74,499 मुस्लिम और 92,797 हिंदू और केवल 480 सिख रहते थे।

1971 की जनगणना में संप्रदाय के आधार पर जनसंख्या के आंकड़े नहीं दर्शाए गए हैं। जम्मू क्षेत्र की कुल जनसंख्या 20,75,640 (10,87,277 पुरुष और 9,88,363 स्त्रियां) बताई गई है जिसमें जम्मू जिले की जनसंख्या का प्रतिशत 35.3 है।

1981 की जनगणना के अनुसार जम्मू क्षेत्र के छह जिलों की जनसंख्या 27,18,113 है, जिनमें 18,02,832 हिंदू, 80,4637 मुस्लिम, 100164 सिख, 1141 बौद्ध, 1514 जैन, 7778 क्रिश्चन तथा 47 अन्य बताए गए हैं। जम्मू क्षेत्र की कुल जनसंख्या में से जम्मू की जनसंख्या 943395 है जबकि ऊधमपुर की 453636, डोडा की 425262, कठुआ की 369123, राजौरी की 302500 तथा पुंछ की 224197 है।

1991 में जनगणना न हो सकी, जिस कारण तथ्य उपलब्ध न हो सके। जनगणना क्यों नहीं हो सकी, इसके पीछे आतंकवाद को कारण बताया जा रहा है। पर इस अवधि के बाद आठ साल और बीत चुके हैं। गत 18 सालों में जनगणना न हो सकी, ऐसे में एक अनुमान यह तो लगाया ही जा सकता है कि जहां 1961 से 1971 तक करीब 5 लाख और 1971 से 1981 तक करीब साढ़े छह लाख की बढ़ोत्तरी हुई है वहीं 18 सालों में लगभग 12 लाख की बढ़ोत्तरी हुई होगी। यानी 1961 में कुल जनसंख्या 15,68,982 रही है जबकि 1971 में 20,75,64 और 1981 में 27,18,113 तो वर्तमान में यह जनसंख्या 39,18,113 हो सकती है। 1961 से 1981 तक के बीस सालों में करीब साढे ग्यारह लाख की बढ़ोत्तरी हुई है। लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि वर्तमान में जो षड्यंत्र पाकिस्तान की आई.एस.आई. चला रही है और जिलों के पुनर्गठन की जो रणनीति नेशनल कांफ्रेंस ने अपनाई थी, उसे अवश्य ही हिंदू बहुल जिलों में हिंदुओं की जनसंख्या का प्रतिशत कुछ गिरा होगा। **—भरत**

महानिदेशक का कहना था कि पुलिस ने जम्मू के नोशहरा सेक्टर में ऐसे षड्यंत्र का पता लगाया है, जहां आई.एस.आई. एजेंट ने सीमा पार से अपने आकाओं के निर्देश पर हिंदुओं से ऊंचे दाम देकर जमीनें खरीदी हैं। हालांकि साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस क्षेत्र के स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस आई.एस.आई. के नए षड्यंत्र को असफल बनाने में हर संभव प्रयास कर रही है।

ऐसा भी नहीं कि गुप्तचर एजेंसियां इन षड्यंत्रों से अपरिचित हैं। समय-समय पर गुप्तचर एजेंसियों ने ऐसे संदेश बीच में पकड़े हैं जिनसे दो खूंखार आतंकवादी संगठनों—लश्कर-ए-तोइबा और हरकत-उल-मुजाहिदीन के व्यापक षड्यंत्रों का पता चला है। जम्मू संभाग और विशेषकर इस संभाग के डोडा क्षेत्र से हिंदू समुदाय का निष्क्रमण हो—यह इस योजना में शामिल है।

इस क्रम में यहां बताना प्रासंगिक होगा कि पांच दशक पहले नेशनल कांफ्रेंस ने जिलों के पुनर्गठन और जम्मू शहर के आसपास मुस्लिम कालोनियों को स्थापित करने की जो योजना क्रियान्वित की थी, उस संदर्भ में दो पुस्तकों का उदाहरण यहां द्रष्टव्य है। ''काश्मीर—पास्ट एंड प्रेजेंट अनरावेलिंग द मिस्टिक' नामक पुस्तक के लेखक श्री मोहनलाल कौल, इस पुस्तक के पृष्ठ 129 पर कहते हैं, 'नेशनल कांफ्रेंस की राजनीति जो गंदी थी, तब प्रत्यक्ष रूप से सामने आई जब हिंदू बहुल जम्मू शहर के इर्द-गिर्द मुस्लिम कालोनियों का एक दायरा बना दिया गया। असहिष्णुता और कट्टरता की गंदगी से भरे इस षड्यंत्र की परिकल्पना और क्रियान्वयन शेख अब्दुल्ला द्वारा किया हुआ बताया गया है।' लेखक ने आगे लिखा है कि 'सांप्रदायिक आधार पर बनाई गई ये कालोनियां मुस्लिम कालोनियों के रूप में उभर कर सामने आईं। प्रत्यक्ष रूप से ये कालोनियां अनुसूचित गुज्जर जातियों के लिए बनाई गई थीं, पर यहां मुस्लिमों के हर वर्ग के लोग बसते हैं।'

'अनहैप्पी काश्मीर—द हिडन स्टोरी' नामक पुस्तक के पृष्ठ-146 पर श्री दीनानाथ रैणा लिखते हैं—'शेख अब्दुल्ला ने सेकुलरिज्म के नाम पर जम्मू-कश्मीर राज्य का मुस्लिमीकरण करने का प्रयास किया। उसने हिंदू बहुल जिलों को खंडित किया। उसने संस्कृत शोध विभागों को बंद करवाया। उर्दू को सभी के लिए अनिवार्य बनाया गया। मंदिरों और पाठशालाओं के लिए धर्मार्थ न्यास की भूमि

और संपत्ति के मालिकाना हक को छीन लिया गया। हिंदुओं और सिखों के पुनर्वास को ठुकराया गया। कारागारों से पाक समर्थित तत्वों को रिहा किया गया। स्वतंत्र कश्मीर के निर्माण की पहल की गई।

इस प्रकार गत पांच दशकों से धीरे-धीरे जम्मू क्षेत्र में मुस्लिम बस्तियां स्थापित हो रही हैं और हुई हैं। इस षड्यंत्र के पीछे जो मंशा है वह देश की एकता एवं सुरक्षा के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।

जम्मू शहर की सीमा शुरू होने से पहले नगरोटा बयपास स्थान पर राष्ट्रीय राजमार्ग के एक तरफ शेख अब्दुल्ला ने जिस कालोनी की स्थापना की थी, वहां आज मुस्लिम जाति के हर वर्ग के लोग बसते हैं। उक्त कालोनी गुज्जर जाति के लोगों के लिए बनाई गई थी, पर यह उद्देश्य गौण ही रहा और इस उद्देश्य में जनसंख्या का संतुलन बिगाड़ने की मंशा प्रधान रही। जम्मू शहर के मध्य और अधिकतर इर्द-गिर्द जिन मुस्लिम कालोनियों का जाल बुना गया है, उनमें प्रधान हैं—खट्टी का तालाब, गुज्जर मुहल्ला, पलोड़ा टाप, तथा तवी पुल के पार छन्नी-हिम्मत और नरवाल का क्षेत्र। ऐसा क्यों होता है कि आतंकवादी इन्हीं क्षेत्रों से पकड़े जाते हैं। खट्टी का तालाब का मोहल्ला तो आतंकवादियों के लिए पनाहगाह बना हुआ है।

जम्मू-कश्मीर को संविधान में धारा-370 के अंतर्गत जो विशेष दर्जा मिला हुआ है, उस अस्थाई धारा को समाप्त करने में कश्मीर के बहुसंख्यक लोग विरोध क्यों करते हैं? इसीलिए कि यदि धारा-370 समाप्त हो गई तो जम्मू कश्मीर राज्य से इतर देश के अन्य प्रांतों के लोग भी इस राज्य में आकर बस सकते हैं। इस धारा के रहते देश के नागरिक देश के ही अभिन्न भाग जम्मू-कश्मीर राज्य के नागरिक नहीं बन सकते। इस राज्य के लोगों को दोहरी नागरिकता प्रदान है। धारा-370 एक विस्तृत विषय है। यहां पर केवल संक्षेप में यह कहना उचित होता कि यदि यह धारा समाप्त होती है तो जम्मू कश्मीर में जो जनसंख्या का असंतुलन है वह संतुलित हो जाएगा। यानि मुस्लिम बहुल जम्मू कश्मीर राज्य हिंदू बहुल हो जाएगा और आतंकवाद व अन्य समस्याएं धीरे-धीरे समाप्त हो जाएंगी। कश्मीर के जनसांख्यिकी स्वरूप को खंडित करने के लिए इस धारा का समाप्त होना आवश्यक है। लेकिन कट्टरपंथी तत्व इस तथ्य का विरोध करते रहते हैं कि वे इस राज्य के जनसांख्यिकी स्वरूप को बदलने नहीं देंगे। आई.एस.आई. भी इसी मंसूबे पर चल रही है। कश्मीर प्रदेश की जनसंख्या में मुस्लिमों का प्राधान्य है अन्य राज्य में केवल जम्मू में हिंदुओं का प्राधान्य था, पर वहां भी कट्टरपंथी संगठन और आतंकवादी वहां के जनसांख्यिकीय स्वरूप को खंडित करने में संलिप्त हैं।

प्राय: ऐसा क्यों होता है कि जहां देश के अल्पसंख्यक संप्रदाय के लोग बहुसंख्यक हैं और देश का बहुसंख्यक वर्ग अल्पसंख्यक, वहीं आतंकवाद जन्म क्यों लेता है? आई.एस.आई. अपने षड्यंत्रों में सफल क्यों हो जाती है? निर्दोषों का रक्त क्यों बहा दिया जाता है? उदाहरण हमारे समक्ष है—कश्मीर का। कश्मीर में देश का अल्पसंख्यक वर्ग बहुसंख्यक है और देश का बहुसंख्यक वर्ग—अल्पसंख्यक। वहां गत एक दशक से पाकिस्तान प्रायोजित छाया युद्ध चल रहा है। निर्दोषों का रक्त बहाया गया है और बहाया जा रहा है। तीन लाख से अधिक हिंदुओं को वहां से बलपूर्वक खदेड़ा गया, जो देश में अनेक स्थानों में शरण लिए हुए हैं। यानी कि देश का बहुसंख्यक वर्ग जो कश्मीर में अल्पसंख्यक था, को आतंकवाद का शिकार बनना पड़ा, अपनी जन्मभूमि को छोड़कर विस्थापन की त्रासदी को भोगना पड़ा। इसी षड्यंत्र के तहत आई.एस.आई. तथा कट्टरपंथी गुट जम्मू संभाग के जनसांख्यिकी स्वरूप को बदलने की कुचेष्टा कर रहे हैं, ताकि वे हिंदू बहुल जम्मू को मुस्लिम बहुल बनाने का षड्यंत्र रच सकें।

देश का बहुसंख्यक वर्ग जब इस क्षेत्र में भी अल्पसंख्यक (राज्य की कुल जनसंख्या के अनुसार यहां का हिंदू अल्पसंख्यक ही है, पर जम्मू संभाग की कुल जनसंख्या के आधार पर बहुसंख्यक है) बन जाएगा और अल्पसंख्यक वर्ग (जम्मू संभाग की कुल जनसंख्या के आधार पर मुस्लिम इस क्षेत्र में अल्पसंख्यक हैं, पर राज्य की कुल जनसंख्या के प्रतिशत के आधार पर बहुसंख्यक) बहुसंख्यक, तो यहां से भी हिंदुओं को खदेड़ने में आई.एस.आई. पीछे नहीं हटेगी। यदि समय रहते आई.एस.आई. के नापाक षड्यंत्रों को असफल न कर दिया गया तो भविष्य में जम्मू भी कश्मीर की राह पर चलेगा। यहां कहना प्रासंगिक होगा—

समर शेष है नहीं पाप का भागी केवल व्याध,
जो तटस्थ है समय लिखेगा उनका भी अपराध। ❑

नवरेह

—कुलदीप नारायण तिक्कू 'गौहर'

नवरोज़ का दिन है गुलो गुलजार नए हैं। मैदान नए वादी-ओ कोहसार[1] नए हैं॥
घरबार नया है दरोदीवार नए हैं। महताबो[2] कवाकब के भी अनवार[3] नए हैं।
जाँदारों की दुनिया के भी अतवार[4] नए हैं।

नवरोज़ की सुनता हूं मैं हर लब से कहानी। उमड़ी है नए ढंग की फ़ितरत पे जवानी॥
दरियाओं में आई है नए ढब की रवानी। गुलज़ार के फूलों की अदाएं हैं सुहानी॥
हर सिम्त मुसर्रत के भी इज़हार[5] नए हैं।

नवरोज़ की आई है ज़माने में सवारी। इठला के चले क्यूं न यहां बादेबहारी[6]॥
फिर महव[7] हुए जलवा-ए कुदरत के पुजारी। फिर लुट गए फूलों की अदा देख के प्यारी॥
जलवे भी यहां अन्हको[8] बिसयार नए हैं।

गुलज़ार में भी जलवाए नवरोज़ अयां[9] है। शादाबिए[10] नवरोज़ नदी में भी रवां[11] है॥
नवरोज़ ही फूलों की कशिश में भी निहां[12] है। 'पी' पूछ रहा है वो पपीहा कि कहां है॥
मुजरिम भी मुहब्बत के सज़ावार नए हैं।

ऐ अहले वतन तुम भी ये नवरोज़ मनाओ। फूलों की ज़िया से दरोदीवार सजाओ॥
बेसूद न 'गौहर'[13] यहां अश्कों[14] के बहाओ। मुर्ग़ाने[15] चमन की तरह हिल-मिल के ये गाओ॥
आज़ाद हवाओं के ये इसरार[16] नए हैं।
अश्जार[17] नए, बर्ग[18] नए, बार[19] नए हैं॥

---

1. पर्वत श्रेणियां, 2. चांद सितारे, 3. प्रकाश, 4. आचरण, 5. प्रकट करना, 6. वसंत ऋतु की सुगंधित वायु, 7. तल्लीन, 8. कम ज्यादा, 9. स्पष्ट, 10. ताज़गी, 11. प्रवाहित, 12. छिपा हुआ, 13. मोती, 14. आंसू, 15. बाग़ के पक्षी, 16. ज़ोरदार मांग, 17. वृक्ष, 18. पत्ते, 19. फल।

16-ए, पाकेट-4, मयूर विहार फेस-1
दिल्ली-110091

(गतांक से आगे)

संस्कृत और संस्कृति को

कश्मीरी मनीषियों का योगदान

—डा. शैलजा भारद्वाज अम्बारदार

किसी भी देश की संस्कृति उस देश की भाषा और उसके साहित्य में आत्मा की तरह निवास करती है। भाषा की श्रेष्ठतम परिणति उसका काव्य है और इसीलिए कविता को मानवता की मातृभाषा कहा गया है। संस्कृत में लिखे गए काव्य-साहित्य ने विश्व पर जो छाप छोड़ी है, वह अमिट है। वाल्मीकि, कालिदास, भारवि, कुमारदास, माघ आदि कवियों ने संस्कृत साहित्य को उच्च शिखर पर तो पहुंचाया ही साथ ही इस काव्य साहित्य को अथाह भंडार से परिपूर्ण करने में कश्मीर के कवियों का योगदान कम नहीं।

भौमक जिन्होंने कश्मीर में बहुत प्रसिद्धि प्राप्त की थी, ने 'रावणार्जुनीय' महाकाव्य की रचना की। इस महाकाव्य में 27 सर्ग हैं। इसमें रामायण में उपलब्ध अर्जुन कार्तवीर्य और रावण के युद्ध की कथा वर्णित है। नवम शताब्दी की समाप्ति से पहले अवन्ति वर्मा के राज्यकाल में 'कप्फणाभ्युदय' नाम का एक रोचक बौद्ध महाकाव्य लिखा गया। इसके लेखक शिव स्वामी ने माघ और भारवि से प्रभावित होकर पूर्ण महाकाव्य शैली के अनुसार इसे पल्लवित किया।

राजानक एवं वागीश्वर पदवियों को रखने वाले कश्मीरी महाकवि **रत्नाकार** की कृति है—'हर विजय'। ये वृहस्पति अथवा चिप्पट जयापीड़ और अनन्तिवर्मा के राज्यकालों में विद्यमान थे और इस प्रकार 850 ई. के लगभग अपनी प्रौढ़ अवस्था में थे।

इस काव्य का कथानक अंधकासुर का वध है, जो शिव से उस समय उत्पन्न हुआ था जबकि पार्वती ने खिलवाड़ में अपने हाथों से उनकी आंखों को आवृत कर दिया था। यह संस्कृत महाकाव्य में सबसे अधिक वृहत्काय महाकाव्य है। शैव दर्शन, नीति शास्त्र, कार्य सूत्र एवं इतिहास-पुराण का सम्यक् ज्ञान इस महाकाव्य में सर्वत्र लक्षित होता है। साथ ही उसमें नाट्य, संगीत, अलंकार तथा चित्रकला जैसे विषयों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रकाश डाला गया है।

एक समकालीन कवि के रूप में राजशेखर का उल्लेख करने वाले और अलंकृत शैली में बाण की कादम्बरी का 'कादम्बरी कथासार' नाम से संक्षेप करने वाले तार्किक जयंत भट्ट के पुत्र **अभिनन्द** इसी शताब्दी में कश्मीर में हुए थे।

11वीं शताब्दी में कश्मीर ने ही संस्कृत भाषा के महान कवि **क्षेमेंद्र** को उत्पन्न किया। सत्यकेतु विद्यालंकर ने इनके बारे में लिखा है—''संस्कृत में जितना साहित्य क्षेमेंद्र ने लिखा है, उतना वेद व्यास के अतिरिक्त अन्य ने नहीं लिखा।'' क्षेमेंद्र ने 1037 में 'भारत मंजरी' और 1066 में 'दशावतार चरित' लिखा। 'दशावतार चरित' में विष्णु के दसों अवतारों में से प्रत्येक का वर्णन है। उनमें से नवें बुद्ध हैं जो इस प्रकार निश्चित रूप से हिंदू देवतावृन्द में सम्मिलित कर लिए गए हैं।

क्षेमेंद्र की 'रामायण मंजरी' उनके प्रारंभिक काल की रचना है। कीथ ने इसके बारे में लिखा है—'भारत मंजरी' के समान यह शुद्ध है और महाभारत के मूलग्रंथ के इतिहास के लिए जैसे वह वैसे ही रामायण के मूल ग्रंथ के इतिहास के लिए यह अपना महत्व रखती है।'

क्षेमेंद्र ने 'पद्यकादम्बरी' की भी रचना की एवं कादम्बरी को भी पद्य में परिवर्तित कर दिया।

कश्मीर ने ही 12वीं शताब्दी के **मङ्ख** को उत्पन्न किया। ये रुय्यक के शिष्य थे। रुय्यक ने अपने 'अलंकार

सर्वस्व' में मङ्ख के महाकाव्य 'श्री कण्ठ चरित' का उल्लेख किया है। इस महाकाव्य में 25 सर्गों में शिव द्वारा त्रिपुरासुर के नाश की कथा वर्णित है। इसी शताब्दी के कश्मीरी कवि **जयरथ** ने 'हर चरित-चिंतामणि' लिखा है जो शैव पौराणिक कथाओं और शैव आचारों तथा विश्वासों के साक्ष्य का भंडार है।

वैदिक युग के प्रारंभिकतम काल से ही अनेक कहानियां लोगों में प्रचलित थीं। कथा साहित्य में वृहत कथा की परंपरा के लिए हमें कश्मीर की तरफ ही देखना पड़ता है। **गुणाढ़्य** की 'वृहत कथा' जो महाभारत एवं रामायण के साथ-साथ भारतीय साहित्य कला के अनुपम भंडारों में से एक है, का विलोप हो चुका है। यह भारतीय साहित्य में हमारी गंभीर हानियों में से एक है। अनेकों मनीषियों के साथ क्षेमेंद्र की 'वृहत्त कथा' सोमदेव का 'कथा सरित सागर' और जयरथ का 'हर चरित चिंतामणि', कश्मीर के इन तीनों ग्रंथों में उनके व्यक्तित्व का उल्लेख किया गया है। वृहत्त कथा लेखन की परंपरा कश्मीर में 1000 ई. से बहुत पहले की है। वृहत्त कथा की परंपरा में क्षेमेंद्र ने 'वृहत्त कथा मंजरी' की रचना की। 1063 और 1081 के बीच में कश्मीर के एक ब्राह्मण **सोमदेव** ने 'कथा सरित सागर' की रचना की। ग्रंथ नाम का स्वाभाविक अर्थ है 'कथाओं की नदियों का सागर'।

'वृहत्त कथा मंजरी' एवं 'कथा सरित सागर' का महत्व इस रूप में भी है कि प्राचीन समय की रचनाएं अपने प्राचीनतम रूप में इन्हीं में संग्रहीत हैं। ये कथा संग्रह कथा साहित्य के वे अनुपम भंडार हैं जिनकी जीवंतता सदियों बाद भी आज तक ज्यों की त्यों बनी हुई है।

व्याकरण, काव्यशास्त्र, काव्य, कथा साहित्य के अतिरिक्त कश्मीर के विद्वानों ने उपदेशात्मक काव्य, सुक्तिकाव्य, धार्मिक कविताओं आदि का अक्षय भंडार दिया है।

कश्मीर के राजा जयापीड़ (779-813) के मंत्री **दामोदर गुप्त** ने 'कुट्टनीमत' नामक उपदेशात्मक काव्य की रचना की। कल्हण ने एक कवि के रूप में दामोदर गुप्त का उल्लेख किया है। मम्मट, रुय्यक तथा सुभाषित संग्रहों ने उनके उद्धरण दिए हैं। इससे स्पष्ट है कि उनकी इस कृति ने पर्याप्त प्रसिद्धि प्राप्त की थी।

क्षेमेंद्र ने 'समय मातृका' और 'कला विकास', 'दर्प दलन', 'सेव्यसेवकोपदेश', 'चारुचर्याशतक', 'चतुर्वर्ग संग्रह' नामक अनेक उपदेशात्मक ग्रंथ लिखे जिनमें उन्होंने सरल शैली में संसार और सदाचार से संबंधित विचारों का खजाना दिया है।

भारत में प्रथम इतिहासकार के रूप में किसी लेखक को देखने के लिए हमें कश्मीर पर ही दृष्टि डालनी होगी। संस्कृत साहित्य के बड़े काल में एक भी ऐसा लेखक नहीं है जिसको हम वास्तव में एक विवेचक ऐतिहासिक कह सकते हैं। ए.बी. कीथ के अनुसार—'कश्मीर के महाकवि **कल्हण** ही एक ऐसा व्यक्ति है जिसको हम एक सच्चे ऐतिहासिक के अत्यंत समीप तक पहुंचने वाला कह सकते हैं।' कल्हण की 'राजतरंगिनी' (12वीं सदी का मध्यकाल) कश्मीर के प्रामाणिक इतिहास और कल्पनात्मक काव्य के सम्मिश्रण का बेजोड़ श्रेष्ठ ग्रंथ है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि भारत की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाली भाषा एवं साहित्य में कश्मीर के मनीषियों का योगदान अतुल्य है। भारत के उत्तर भू-भाग में पली संस्कृत भाषा को पल्लवित और पुष्पित करने में कश्मीर ने अपना अमूल्य योगदान दिया है।

कश्मीर शैव दर्शन का गढ़ रहा है। विद्वानों के बीच इस आध्यात्मिक दर्शन का अध्ययन करना मुख्य लक्ष्य था। शैव दर्शन और कश्मीरी मनीषियों के अध्यापन ने संपूर्ण भारतीय प्रायद्वीप को प्रभावित किया। यही कारण था कि वैष्णव संप्रदाय के कट्टर समर्थक रामानुज को सुदूर मद्रास से शैव दर्शन से टक्कर लेने के लिए कश्मीर आना पड़ा था। आरंभिक दौर भले ही प्रतिद्वंद्विता का रहा लेकिन कालांतर में इसका परिणाम शैव और वैष्णव के सुखद समन्वय में हुआ। इसने भारतीय आस्था और विश्वास को एक सांस्कृतिक धरातल पर ला दिया।

इसी संस्कृत भाषा और साहित्य ने भारत को दक्षिण से जोड़ने का महान कार्य किया। कालांतर में संस्कृत और द्रविड़ भाषा इस तरह आपस में घुल मिल गई कि आज यह कहना मुश्किल है कि कौन-सा शब्द द्रविड़

का है एवं कौन-सा संस्कृत का। सांस्कृतिक एकता में उत्तर भारत और दक्षिण भारत को मिलाने में संस्कृत का योगदान अतुल्य है। सीलोन, सुंगद्वीप, बोर्निओ, फिलिपाइन्स, चीन, तिब्बत तथा जापान पर इसके प्रभाव स्पष्ट रूप में मिलते हैं।

किसी भी राष्ट्र की संस्कृति उसकी वैचारिक समानता में छिपी होती है। संस्कृति प्रतीक होती है देश में प्रवाहित होने वाली विचारधारा का, विश्वासों का, आस्थाओं का। और इसी विचारधारा, विश्वास एवं आस्था को वाणी में प्रकट किया संस्कृत भाषा ने। अनेक विविधताओं के बावजूद वैचारिक एकता में बांधने का महान कार्य संस्कृत ने किया और इसी संस्कृत भाषा को इस चरम पद तक पहुचाने का महान कार्य कश्मीरी मनीषियों ने किया।

इन महान मनीषियों की परंपरा के कारण ही कश्मीर को प्राचीन काल में ऋषि भूमि, विद्या का पीठ कहा जाता था। अनेकों विद्वान देश-विदेश से संस्कृत का अध्ययन करने कश्मीर आते थे। प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेन सेंग और यू कांग 631 ए.डी. और 759 ए.डी. में संस्कृत का अध्ययन करने कश्मीर आए थे। ह्वेन सेंग ने लिखा है—कश्मीर के लोगों को विद्या प्रिय है एवं वे बहुत सभ्य हैं। मोहम्मद गज़नवी के साथ पंजाब आने पर अलबरूनी (1021 ए.डी.) लिखता है—कश्मीर हिन्दू विज्ञान की उच्च पाठशाला है।

इस प्रकार कश्मीर जिसका भारतीय संस्कृति को समृद्ध करने एवं प्रसार करने में अपूर्व योगदान है, आज धार्मिक अंधता, आतंक एवं दहशत के चक्रव्यूह में फंस गया है। शिक्षा और विद्वता का केंद्र धर्म की राजनीति एवं धार्मिक विदेशी षड्यंत्रों में घिर गया है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने विस्मृत संचित वैभव को पहचानें। यह गौरवशाली परंपरा हमें प्रेरणा देगी, शक्ति देगी, बदली हुई परिस्थितियों से मुकाबला करने की। प्रेरणा देगी नवीन आवश्यकताओं की अभिव्यक्ति को वाणी देने में।

संदर्भ ग्रंथः

1. **संस्कृत साहित्य का इतिहास—ए.बी. कीथ—अनुवादक, डा. मंगल शास्त्री**
2. **साहित्यिक निबंध—डा. श्याम नारायण पांडेय**
3. **भारतीय तथा पाश्चात्य काव्य शास्त्र—डा. अर्चना श्रीवास्तव**
4. **संस्कृत वाङ्मय का इतिहास—डा. मधु सत्यदेव**
5. **भारत का इतिहास—सत्यकेतु विद्यालंकर**
6. **द कश्मीरी पंडित—पंडित आनंद कौल**

होली खेलें

—राजेश रैणा 'साग़र'

आओ हम भी होली खेलें
रंगों में रंग जाएं।
नीले, पीले, लाल
या
हरे रंग में नहीं।
विश्वास
शांति
और
एकता के ऐसे रंग में
जो कभी न छूटे

दूरदर्शन केंद्र, श्रीनगर

अतीत के झरोखे से/'नवरेह' का आयोजन

कश्मीरी पंडित सभा, अम्बफला, जम्मू द्वारा आयोजित *''नवरेह''(नववर्ष)* के अवसर पर महायज्ञ में पूर्ण आहुति देने से पूर्व स्वर्गीया श्रीमती इंदिरा गांधी को तिलक लगाने के पश्चात 'नार्यवन' (मौली) बांधते हुए संपादक के कुलगुरु स्व. पंडित शंभुनाथ राज़दान

चित्र—सौजन्य चमनलाल राज़दान, लक्ष्मीनगर, सरवाल, जम्मू

सुन आतंकी

—प्यारे हताश

विश्व में अग्रिम पंक्ति के कीर्तिमान हैं हम।
भारत के मुकुट मणि, समस्त देश की शान हैं हम॥
हमसे हमारी परिभाषा क्या पूछ रहे हो।
अभिनव, कल्हण, बिल्हण की संतान हैं हम॥
अमरनाथ बाबा की संतति और कश्मीर के हैं पंडित।
मां **शारदा** के चरणों का वरदान हैं हम॥
'**तुलमुल**' की मां और '**खिव**' की ज्वाला के लाडले हैं हम।
इन पर सर्वस्व न्यौछावर अपना, ऐसे बलिदानी हैं हम॥
छल से मुखबिर नाम दिया और चाल चला।
मत जानो, रे छलिए अब अनजान हैं हम॥
लिखना-पढ़ा कौन सिखाया अरे! कृतघ्न?
विद्या-जननी आज भी संग, विद्वान हैं हम॥
तू गज़नवी, बाबर, क़ासिम, ग़ौरी बन कर आया।
वीर शिवाजी, झांसी, शेखर, नेताजी के प्राण हैं हम॥
तुमने खदेड़ा हम को घर से, याद रखो।
'**गुरु तेग बहादुर**' का परम बलिदान हैं हम॥
खून रगों में **कश्यप** ऋषि का साक्षी है इतिहास।
अंतिम नींद सुलाया जलोद्भव '**शारिका**' की संतान हैं हम॥

1. अभिनव गुप्त, कल्हण, बिल्हण — काश्मीर की विभूतियां
2. शारदा — काश्मीर को शारदा देश के नाम से भी पुकारा जाता है। यहीं शारदा मंदिर भी है, जो इस समय पाकिस्तान के कब्जे में है।
3. खिव — यहां पर हजारों वर्ष पुराना ज्वाला जी का मंदिर है।
4. तुलमुल — इस स्थान पर जगज्जनी महाराज्ञा जी का अस्थापन है।
5. मुखबिर — खबर देने वाला। 1990 में आतंकवादियों ने प्रत्येक कश्मीरी पंडित को मुखबिर का झूठा आरोप लगाया और कश्मीरी पंडितों को बंदूक की नोक पर घर से बाहर निकाला। वे आतंकी अपने ही पड़ोसी थे।

पशु गाथा

किस्त 19

—मोतीलाल क्यमू

करामाती बाबा की समाधी और करामाती ढाबा के पिछवाड़े में जो जंगल और पथरीली भूमि थी उसे सरकार ने विस्थापित हिरण-हांगुल जाति के लिए 'फरारगाह' नाम से अस्थाई तौर पर कब्जे मेंदी। इसके दो कारण थे, एक यह कि भूमि सुरक्षित समझी जाती थी और दूसरा यह कि राजमार्ग बिल्कुल समीप था। अपनी सुरक्षा और जीवन यापन के लिए सरकार ने सारे प्रबंध करने का वायदा भी किया। हजारों वर्षों से सुंदर-वचांचल में रहने वाले हिरन-हांगुल आज बे-वन, बे-घर और बे-चैन हो गए थे। अपने वातावरण, जलवायु और जन्मस्थली से छूटने का दर्द उनकी आंखों को देख कर ही पता चलता था। मुरझाए चेहरे, जुगाली करते मुंह, थरथराते पग और अपने भविष्य से अनजान प्राणी केवल दया के पात्र ही तो थे। अपनी व्यथा दूसरों तक व्यक्त करने में असमर्थ। संतोष से जीवनयापन करने वाले, लजीले, जनमजात संशयी, हर खुंखारत पशु से डरने वाले अपनी रक्षा आप न कर सकने वाले जीव खामोश थे केवल दिल में उनको बहुत कुछ खो जाने की व्यथा और रोष। होंटों पर मृत्यु की-सी खामोशी, झुंड के झुंड, अपना डेरा डाले आसरे की प्रतीक्षा में खुले आकाश तले बैठ गए। केवल 24 घंटे गुजारने के बाद ही उन्हें लगा कि यहां नारों का कोई हंगामा नहीं है। चंदेक युवा हांगुल-हिरन अपने सजातीयों की देखभाल और व्यवस्था के लिए खूब दौड़धूप करते थे। उन्होंने अपनी नई बसती का सरकारी नाम नामंजूर किया और उसके बदले 'करारगाह' नाम रख दिया।

इस विस्थापन से सबसे अधिक लाभ करामाती ढाबा के मालिक को हुआ क्योंकि उसकी दूकानों से कई साल का जमाशुदा स्टाक कुछ ही दिनों में खत्म हुआ। नया माल धड़ाधड़ मंगाया गया और कुछेक नई दुकानें तेजी के साथ बनाई गईं।

करामाती बाबा की समाधी के सिवा कोई आसथा स्थल समीप में नहीं था इसलिए सुबह शाम हिरन-हांगुल जाति वहीं आकर बाबा के जैसे अनुयायी हो गए। फूल, अगरबती, फुलियां, खजूर, बतासे खूब बिकने लगे और करामाती प्रसाद जम कर बंटने लगा। अस्थाई तौर पर इन वस्तुओं की बिक्री करने वालों की संख्या बढ़ने लगी।

'आप अपनी जन्मस्थली छोड़ कर क्यों आए', एक प्रेस संवाददाता ने एक बूढ़ी हिरनी से पूछा। 'अपनी इज्जत-ओ-आबरू की रक्षा हेतु। अपनी जान बचाने के लिए' उसने उत्तर दिया।

'वापस जाओगे' दूसरा प्रश्न पूछा गया।

'सहर्ष। जब आतंकवाद खत्म होगा। पशुवाद समाप्त होगा। कानून का राज होगा। सद्भावना, सहयोग, सहानुभूति और समता का जब राज होगा। जब सुख और समृद्धि के लिए पूरी कोशिश की जाएगी, जब केवल नारों पर जीवन व्यापन न हो, जब कट्टरपन समाप्त होगा, अलगाववाद और खुंखारपन समाप्त होगा, अलगाववाद और खुंखारपन समाप्त होगा तब जायेंगे।'' यह उत्तर सुन कर पत्रकार हैरान हो गया। जैसे बूढ़ी हिरनी ने अपने जीवन में राजनीति शास्त्र का अध्ययन-पालन किया हो। उसका फोटो खींचकर पत्रकार चला गया। करारगाह में किसी यात्रा पर आए हुए यात्रियों की भांति डेरे पे डेरा डाले विस्थापित रहने लगे। उन्हें केवल एक ही आशा थी कि वह जल्द ही वापस चले जाएंगे क्योंकि सरकार आतंकवाद पर नियंत्रण जमाने में सफल होगी। एक विदेशी पत्रकार ने एक हांगुल से पूछा, 'यहां आकर कैसा लगता है?' तो उत्तर में समीप खड़ी हांगली ने कहा, 'धावानल ही धावानल'।

और सुविधाएं? दूसरा प्रश्न।

'न होने के बराबर' दूसरा उत्तर

'सरकार ने क्या दिया?' तीसरा प्रश्न

'वादा, सुबह वादा, शाम वादा। आता है एक तो दे जाता है वादा, जाता है दूसरा तो दे जाता है वादा। जो आज आता है वह दुबारा नहीं आता' तीसरा उत्तर ज़रा लंबा ही था पर पत्रकार खामोश हो गया केवल विदेशी स्माइल फिज़ा में बिखेर गया।

इतने में जल बांटती हुई गाड़ी आ गई और सभी पानी का राशन लेने चले गए और पत्रकार फोटो पे फोटो खींचता गया। जैसे वह इतिहास को तसवीरों में बंद कर रहा हो।

इन विस्थापितों से मिलने सब से पहले वह वानर आए जो इन से पहले वनांचल छोड़ आए थे। सब के सब निराश और उदास पर घूमने फिरने और आजादी के साथ रहने का लुतुफ उठा रहे थे। भय उनको किसी का नहीं था। न ही कोई सियार-गीदड़ की उकसाहट, तैश और कूटनीति। न किसी गली में ही घूमना-फिरना। दिन रात कहीं से कहीं तक आने-जाने में कोई रुकावट नहीं। सारे गली-कूचे, पेड़-वृक्ष जैसे अपनी मिलकियत थी। फल भी खाने को खूब मिल रहे थे, इसलिए वह नए वातावरण और नई परिस्थितियों में अपनत्व महसूस करते थे पर भय और आतंक से आशंकित रहते थे।

उधर पुलिस गीदडजू से पूछताछ कर रही थी कि वह कालू भेडिये और आए दिन होने वाली हिंसाओं के पीछे कौन और किसका हाथ है, यह बता दे। पर वह अनजान और अनभिज्ञ होने का दावा करता था। इसलिए उसे पुलिस के गुप्त 'राहत केंद्र' ले जाया गया जहां पुलिस हर अभियुक्त पर सख्ती करती है और सच उगलवाती है।

गरम शोलों से भरी तपती ट्रे के सामने उसे डंडे से पीटा गया। कमर पर चोट ऐसे की गई कि औंधे मुंह शोलों पर गिरने का भय था तो गीदड़ चिल्ला उठा, 'बोलता हूं। का..लू कहां गया कुछ नहीं पता पर हिटमेन ने एक बार कहा—सीमा पार चला गया, दस बीवियों के साथ घर बसाने'

दूसरी चोट पड़ने के साथ पूछा गया, 'हिटमैन कहां चला गया?'

शोलों में कूदने से बचते-बचते ही उसने कहा, 'अंडर-वन चला गया'

'झूठ बकता है, इसको पहला इलेक्ट्रिक शॉक दो, सच बोल देगा।'

'ना, ना ना, ऐसा न करना, जितना जानता हूं उतना बता दिया' गीदड़जू ने हाथ जोड़ कर कहा। पर मूंछल सिपाही भौहे तरेर कर कहने लगा, 'लगा दो पहला शॉक'। कई सिपाहियों ने गीदड़जू को पकड़ कर लिटा दिया और एक ने दो हाथों में दो लंबे कील उसके माथे के दोनों ओर टच कराए और वह चीख उठा। 'पंच-शील, पंच शील' फिर उसके मुंह से झाग निकल गई और थोड़ी देर के लिए जैसे होश गंवा बैठा। फिर अर्ध निंद्रा जैसी हालत में बोला, 'पहला पाठ—सब को आश्वस्थ रखो और अपना काम अंजाम दो।' मूंछल पुलिसकर्मी कुछ भी न समझ सका, 'बकता है, बाकी कल'। होश संभलने के बाद दिन भर गीदड़ जू चकरा रहा था।

दूसरे दिन फिर गीदड़जू ने किसी भी जानकारी से इनकार किया इसलिए पुनः इलेक्ट्रिक शॉक दिया गया। छटपटाहट के बाद मुंह से झाग छोड़ने के बाद गीदड़जू बोल उठा, 'दूसरा पाठ-इतना झूठ बोलो कि सच लगे। दो शॉ दो पाठ'।

तीसरे दिन गीदड़जू आधी हिम्मत के साथ चल सकता था और पुनः शॉक की सजा खाने का भागीदार हुआ। शॉक के बाद अपनी बेसुदी में ही बोल उठा, 'तीसरा शॉक—तीसरा पाठ : सब में भाई बंधुवाद की बात पर जोर दो पर अलग से सब में बंटवारे की भावना जगाते रहो।' इतना कह कर वह बहुत देर तक बेहोश रहा।

चौथे दिन लंबा शॉक लगने के बाद गीदड़जू बोल गया, चौथा शॉक चौथा पाठ—किसी भी पशु क्या मनुष्य जाति में एकता न रहे। गीत एकता के गाते जाओ और कार्य विघटन के करते जाओ।'

पांचवें दिन उसे चलने-फिरने की हिम्मत नहीं थी इसलिए थोड़ा-सा सहारा देकर लाया गया। मार-पीट कर्मी ने बड़े नरम लहजे में कहा, कौन से पाठ बता रहे हो?'

'न.. ही जान..ते, पंचशील के, राजनीति के आदर्श जिन्हें सुंदरवन में अपनाया गया है, अपनाया जाएगा.. जानते हो पांचवां और आखिरी पाठ क्या है... सारे मुल्क का धन केवल सुंदरवन के विकास पर खर्च हो चाहे बाकी देश भुखमरी का ही शिकार क्यों न हो.. इसलिए पहले चार पाठ प्रेक्टिकल में लाओ और मकारी से, जालसाजी से, लालच से, धमकियों से, अलगाववाद की नीतियों से केवल अपना काम साध लो। अपना कुंभा और अपनी जाति का हित सर्वोपरि हो, समझे।'

'हिंसा कौन फैला रहा है' मारपीट कर्मी ने पूछा।

'बंदूक... बंदूक की राजनीति.. कट्टरपन। सियाग जमात का इससे कोई लेना-देना नहीं।.. तुम क्या जानो.. करो अपना पांचवा शॉक शुरू और मुझे मुरदा पाओगे। तुम्हारे कंधे पर फूल लग जाएगा। तुम्हारा भी कोई पांच पाठ का

आदर्श कायदा कानून होगा।'

'नहीं! छोड़ दो इसे। ले जाओ। नहीं! पांचवां शॉक खा कर कुछ न कुछ उगलेगा, सच क्या है?' मारपीट कर्मी का हुकुम था।

पांचवे शॉक के बाद गीदड़जू कुछ भी नहीं बोला। कई घंटों तक बेसुध पड़ा हा। कुछेक दिनों में थोड़ी-सी हिम्मत बटोर पाया तो उसे रिहा किया गया पर हर रोज पुलिस थाने में रपट कराने की आज्ञा के साथ।

गीदड़जू के रिहा होने की सूचना हिटमैन भेडिया को मिल गई और उसने एक नवसिखिये बंदूकधारी को उस का पिछलग्गू बना दिया। ताकि जाना जाए कि सियार-गीदड़ बरादरी के क्या प्रोग्राम हो सकते हैं। एक दिन सायंकाल से पहले जब गीदड़जू पुलिस चौकी के बाहर आ रहा था तो वानरी ने उसके सामने भिक्षा का हाथ फैलाया।' उसके नाम पर दो एक रुपैया, पांच रुपैया... दस रुपैया, जिसने क्यूज़ाइन और कल्चर साथ-साथ चलाया'.. मसालेदार मुरदा मांस पका कर खिलाया, नाच-गाने, गीत-संगीत के साथ'।

'अरी वानरी तू। कब दारोगा और पुलिस के गुप्त चंगुल से छूटी?' गीदड़जू ने आश्चर्यचकित होकर पूछा।

'सब खत्म। कोल्हू नचाना, गीत गा गाकर कोठे पर दाद-संवाद नकद प्रसाद प्राप्त करना। अब सिनेमाघर बंद, शराब की दुकान बंद, कबाव पकवान सायंकाल से पहले पहले नहीं तो शूं शूं शूं। हा... हा... हा... दे ना एक रुपैया...' वानरी नटनी भिखारिन की भांति आर्द लहजे में बोली।

'अरी तेरी जात के वानर वनांचल छोड़ कर चले गए। चल.. किसी वानर गली के छोर' गीदड़ ने सहानुभूतिपूर्ण कहा।

'हर गली में शूं... शूं... शूं...। अच्छा हुआ चले गए वानर। राज करेगी अकेली वानरी। वानर गली और वनांचल पर।' ऐसे बोली वानरी जैसे कोई मलंग बोल रहा हो।

'चल कोई समझ लेगा शराब पी रखी है। लोग इक्टठे हो जाएंगे' गीदड़जू ने कहा।

'हो गई नायाब... सारी शराब... बाकी रह गया मांसल शरीर... और यह सुंदरवन... लग गई इसको भी आदम नजर... खा जाएगा इसको तेल जगत का पैसा... गांजे चरस का पैसा... सब बनकर आएगा बंदूक, ग्रनेड, गोला-बारूद... मचल उठेगा तू... तेरा वंशज... वनांचल का प्राणी... धन का लोभी... कठमुल्ला बन जाएगा हर प्राणी... अपने पराये की नहीं रहेगी पहचान... क्या जानवर क्या इनसान... दे? दे ना? कुछ नक़द करूं में कुछ आहार।' सचमुच में लगता था कि वानरी जैसे पीर फकीर की भांति बोल रही है। गीदडजू उसे कुछ देर तक ताकता ही रहा और वह हाथ पसार कर एक टक निहारती रही।

'चल तुझे फलाहार कराऊंगा।'

'तेरी सरकारी कौठी पर। या सरोवर के किनारे तेरे बंगले पर।.. बोल... तेरी गीदड़ी नोच लेगी तेरी चमड़ी और मेरे बाल... फलाहार करायेगा... नेतागिरी करता है... लोगों को उकसाता है, भड़काता है। अपना कमिशन खाता है।... हर धंधे में टांग अड़ाता है। सर पर पट्टियां बांध कर घायल का ढोंग रचा कर सरकारी माउज़ा पाता है... चम और जम मवालियों.. को भले लोगों के पीछे दौड़ाता है। चालबाज़ और जालसाज़ बनता फिरता है। राजनीति का दम भरता है... आज भी हाजिरी देने गया था थाने में' वानरी के यह शब्द कहते-कहते भीड़ जमा हो गई और गीदड़जू कुछ आगे कहे सुने दुम दबाकर भाग गया।

'भाग गया नेतागरी का दम भरने वाला जालसाज। मुर्गीचोर।' वानरी पूरी सड़क के बीच बोल रही थी और हर राहगीर उसकी ओर देख कर सुनता रहा, 'यहां के सब नेता चोर, ढोंगी के ढोंगी, साले कुर्सी के लोभी, चालबाज और जालसाज... थू... थू... यह कह कर वह उन सब पर बरस पड़ी जो भी वहां अटक गया था, क्या देख रहे हो... झूठ बोल रही हूं? अरे अभी आएगा कोई नकाबपोश और स्वागत करोगे उसका फिर... हा हा हा... मार देगा वह किसी को तो रो पड़ोगे हाय हाय करके... आज बंदूक ताकत की चीज़ है तो बोलोगे 'बंदूक जिंदाबाद' और फिर धन का जोर होगा तो बोलोगे... नारे बुलंद करोगे... विकास के नाम पर धन दो... गन-कल्चर समाप्त करने के लिए धन दो... बेरोजगारी की समाप्ति के लिए धन दो... तालीम के फैलाव के लिए धन दो... हा... हा... हा... मेरी तरह हाथ फैलाते-फैलाते जीवन समाप्त हो जाएगा... हा... हा... देश-भिखारी, जग भिखारी... ''पगली की भांति बोलती, उछलती वानरी भीड़ में खो गई।

थोड़ी देर में ही धमाका हुआ और ग्रनेड के फटने की आवाज चहुं ओर फैल गई। कुछ देर बाद पाया गया कि वानरी के शरीर के टुकड़े सड़क पर फैले पड़े थे।

(जारी)

पुरुषयार का प्यारा घर और हमारा संवाद

—राजदुलारी कौल

कोशुर समाचार का अक्तूबर नंबर
ले के आया प्रथम पृष्ठ पर
पुरषयार का मेरा घर,
पहरावा रंगीन था लेकिन
बिखरे से थे बाल,
खुली खिड़कियां सुना रही थीं
उसके दिल का हाल,
रो रो कर कमज़ोर दशा थी
पिचके से थे गाल
झुरियों से भर गया था उसका
हंसने वाला भाल।
कलश सिर पर ले कर अब भी
खड़ा है शिव मंदिर
कक्ष में खड़ी मंदिर घाट की
पोड़ियां भव्य औ सुंदर,
लगा लिया छाती से मैंने
पूछा? कैसे हो मेरे प्यारे?
दस बरस के बाद मिली
पुनः मुझ को तेरी खबर।
(कोशुर समाचार की कृतज्ञ हूं
युग-युग गूंजे इसका स्वर)
सिसकियां दोनों ओर थीं
अश्रु से तर हुई नज़र
तब भी हमने इक दूजे को
एक टक देखा जी भर कर।
मूक नज़रें उसकी बोलीं
क्यों हाल मेरा पूछते हो?
देख कर तसल्ली तो कर लो
शेष है अस्थि पिंजर,
हूं संभाले निजता को
छत से लेकर नींव तक
धूल बन कर उड़ गई होती
न जाने कब किधर।
शिकवा चेहरे पर था उसके
क्षीण-सी आवाज गूंजी
देख लो जीवित रखा है
मैंने तेरे अस्तित्व को
नाज़ जिस पर अब भी
करते हो पठानकोट बैठ कर,

नंदबब, भायटोठ, गुपबब
लक्ष्मणजी, लालुँ औ जिगुँर
की चरण रज सज रही है
अब भी मेरे मन अंदर।
इतना ही था उसका कहना
धरा हिली पैरों तले
जग गया इतिहास घर का
हिल गया दिल सोच कर,
मन में इक तूफान उमड़ा
प्रश्नों का सागर-सा मचला
मिल गए इक बार फिर से
स्वर्गीय नादिम, अमर टपिलू
गोपीकृष्ण, वैश्नवी, गासी,
जगतमोहनी अलकोसर,
याद आई क्रांति जो छेड़ी
थी हमने सोच कर
सथु बरबरशाह और शिवाला
की सभाएं और सड़सठ का सत्याग्रह
युवकों में भड़की चिंगारी
छा गई नज़रों में सारी,
केंद्र का हस्तक्षेप सारा
गृहमंत्री चौहान द्वारा
झूठा अभिनय, झूठी संधियां
याद आई एक-एक कर।

गहरी निद्रा केंद्र की
ऐसा गज़ब फिर कर गई
आए दिन कश्मीर में
आतंकी गतिविधियां बढ़ीं
आसतीन के सांप बन कर
भाई डसने आ गए
दीन औ' ईमान, अल्लाह-ताला
भाईचारा भूल कर।
द्वार पर आ आ के ललकारा
कि छोड़ो छोड़ो घर
जान है प्यारी तो मौका
यह है अच्छा बे-ह-त-र
सहमे लम्हों ने किया मजबूर
हम को बेसबब
बन मुसाफिर चल पड़े
तुझ को अकेला छोड़ कर,
दृढ़ हुआ निश्चय दुबारा
आज तुझको देख कर
मेरे प्यारे मेरे दिलबर
मेरे आंगन मेरे घर
हम मिलेंगे अवश्य,
आने दो समय को फेर कर।
हम ....

'गीतांजलि', डलहौज़ी रोड, पठानकोट

कृष्ण राज़दान का शिव दर्शन

—प्रो. कृष्णा रैणा

शायद ही कोई कश्मीरी पंडित होगा जो शिव का उपासक न हो। इस शिव विचारधारा ने हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक, वैचारिक, साहित्यिक आदि पक्षों को प्रभावित किया है। इसी का परिणाम है कश्मीर शैवमत विशेष रूप से अध्ययन और मनन का विषय बन गया है। उत्पलदेव और अभिनवगुप्त जैसे शैवाचार्यों का नाम आदर से लिया जाता है। हमारी आदि कवयित्री ललद्यद ने निराकार शिव को लिया और पं. कृष्ण राज़दान ने 'शिव लगुन' की प्रस्तुति में साकार की वंदना की है। शैविक अद्वैतवाद से लेकर शिव की आराधना तक कश्मीरी जीवन पर शिव का ही प्रभाव है। अभिनव गुप्त की शिवस्तुति ''ऊँ व्याप्त-चराचर-भाव विशेषं...।'' कश्मीरी जन-जन के कंठ का हार है। कश्मीर के ही एक शंकर भक्त श्री जगद्धर भट्ट ने 14वीं शताब्दी में 1049 श्लोकों में शंकर की स्तुति 'स्तुति कुसमांजलि' के रूप में रची है जो एक वृहत्त काव्य बन गया है। कश्मीरी जन जीवन में शिव का प्रभाव सांस्कृतिक पर्वों त्योहारों में लक्षित है। शिवरात्री और शिव चतुदर्शी इनमें प्रमुख है। कश्मीरी 'वनवुन' में इसकी परंपरा है। कश्मीरी पंडितों और महिलाओं में भी शिव और पार्वती के नामों के प्रति आकर्षण है।

शिव अनादि और अनंत हैं, बुद्धि से परे है वे जगत की सृष्टि, पालना और संहार के लिए ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिविध रूप धारण करते हैं। किसी कल्प में वे स्वयंभू ज्योर्तिलिंग रूप में है और किसी कल्प में दूसरे रूप में। भगवान शंकर के अनेक नाम और रूप हैं वही कुंदगौर शिव हैं, वे ही नीललोहित रूद्र हैं, वे ही प्रलयंकर महाकाल हैं और वे ही शिव अर्थात कल्याण हैं। अनादि काल से शिव की उपासना लिंगमूर्ति के रूप में की जाती रही है जिसका प्रमाण मोहन जोदड़ों के उत्खनन से प्राप्त शिवलिंगों से मिलता है। यह लिंग पूजा वास्तव में शक्ति और शक्तिमान का प्रतीक है, पुरुष और प्रकृति का सहज चिह्न है। शिव ही आदि आचार्य है सभी विज्ञानों और कलाओं के स्वामी हैं। उसके डमरू बाद में समस्त संगीत है, तांडव और लास्य के वे स्वामी हैं, उनके महेश्वर सूत्र से व्याकरण को गति मिली है, वे साकार करुणा के प्रतीक हैं। वे तपोमूर्ति हैं और तप के प्रतीक हैं। उन्होंने ही समय-समय पर अवतार धारण कर शैवमत की स्थापना की है।

ईश्वर यद्यपि निर्विकल्प और निर्विकार है परंतु उसमें शक्ति का स्पन्दन है। ब्रह्म में ज्ञान और क्रिया है, उनकी इच्छा से ही जगत की सृष्टि हुई है। उनकी स्वाभाविक शक्ति ही प्रकृति है। ज्ञान को प्रकाश स्वरूप, चित्स्वरूप, सर्वप्रकाश, अखंड और एक माना गया है तथा प्रत्यभिज्ञा को मुक्ति का साधन। श्री अभिनव गुप्त ने कश्मीर में शैव दर्शन का जो स्वरूप दिया है वह प्रत्यभिज्ञादर्शन ही कहलाता है। प्रति जीव महेश्वर का अभिमुख्येन ज्ञान ही प्रत्यभिज्ञा है। जब ईश्वर की पूर्ण शक्ति का ज्ञान होता है तो ईश्वर और आत्मा में अभेद-बोध की स्थिति आती है। शिवत्व की प्राप्ति ही मुक्ति है। शिव (ब्रह्म) सगुण, सविशेष, शक्ति संपन्न, जगतरूप होने वाले मन के द्वारा आनंद भोगने वाले हैं। ब्रह्म की परमाशक्ति में ही जगत के बीज हैं और शिवत्व की प्राप्ति ही मुक्ति है। शिवोपासना अद्वैतवादियों में भी मुख्यतया प्राप्त कर चुकी है। शैव

और वैष्णव सविशेष-ब्रह्म प्रतिपादक दर्शनों के अंतर्गत आते हैं। अद्वैत निर्विशेष ब्रह्म का प्रतिपादक दर्शन है उसमें शैव और वैष्णव दोनों प्रकार के उपासक हुए हैं। शैव और शाक्त दोनों दर्शनों में ब्रह्म को सविशेष मान कर शक्ति की महत्ता को स्वीकार किया गया है। शैव दर्शन में आराम (तंत्र) को निगम (वेदादिशास्त्र) के समान ही प्रमाण माना गया है। उपासना के क्षेत्र में उनकी प्रवृत्ति आगम की ओर है और वे निगम को गौण मानते हैं। पाशुपत दर्शन में पति, पशु और पाश तीन नित्य पदार्थ माने गए हैं। इसमें पति परमेश्वर है, जीव पशु है जिसको परमेश्वर फल देता है और पाश चार माने गए हैं—मल, कर्म, माया और रोध-शक्ति।

शिवरात्री कश्मीरी पंडितों का सबसे प्रमुख त्यौहार है। धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से इस त्यौहार की महत्ता है। यह त्यौहार फाल्गुन कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को पड़ता है। यह पूजा रात्रि को होती है। इसे शिवरात्री पूजा, हेरथ या वटुक पूजा कहा जाता है। माना जाता है इस दिन शिव और पार्वती को घर में आशीर्वाद देने के लिए निमंत्रण दिया जाता है। इसको हम 'हेरथ' कहते हैं जो हर रात्रि का ही अपभ्रष्ट रूप है अर्थात हर की रात्रि। कश्मीरी शिव और पार्वती को वटुकनाथ या वटुक भैरव के अवतार रूप में इस दिन पूजते हैं, पार्वती शक्ति रूप है। मेरे विचार से भैरव शिव के गणों में आते हैं जिनकी उन्होंने रचना की है। यह पर्व अमावस्या तक मनाया जाता है और इस दिन इसका विसर्जन होता है, रात को इसमें डाले हुए अखरोटों की पूजा की जाती है, प्रसाद लिया जाता है और फिर अगले दिनों में गीले पूजे हुए अखरोट और नानवाई की रोटियां अपने सगे-संबंधियों में बांटी जाती हैं। शिव पुराण के अनुसार शिव रात्रि को शिव और पार्वती का विवाह हुआ था। परंपरा के अनुसार फाल्गुन कृष्ण पक्ष की प्रथमा से ही इस पर्व की तैयारियां आरंभ होती हैं, घर को लीपा जाता था, फूल आदि पूजा सामग्री तथा मिट्टी के नए बर्तन खरीदे जाते थे, परंतु अब स्टील के वटुक का रिवाज है है जो एक ही बार लाना पड़ता है। इस त्यौहार पर नव विवाहिता लड़कियां पहली शिवरात्री के पैसे, कपड़े, सीधी या चांदी की कौडियां, कांगड़ी, चांदी की चा़लन आदि लेकर ससुराल जाती हैं। सामाजिक दृष्टि से इस दिन की महत्ता है। द्वादशी के दिन अधिकांश घरों में वागुर की पूजा भी होती थी और त्रयोदशी को घर के बुजुर्ग दिन भर व्रत रख कर शिवरात्रि की पूजा करते थे और उसके पश्चात ही भोजन करते थे। कश्मीर में अधिकतर लोग शिवरात्री की पूजा के समय भैरव को मांस-मछली का भोग अर्पण करते हैं। बहुत कम लोग शुद्ध शाकाहारी भोग अर्पण करते हैं। यही परंपरा हिमाचल के ऊपरी इलाकों में भी देखने को मिलती है। वहां भी शिवरात्री को शिव-पार्वती के विवाह के रूप में मनाया जाता है और मांस-मछली का सेवन किया जाता है। मंडी की शिवरात्री का अंतर्राष्ट्रीय महत्व हो गया है।

कश्मीर में शैव दर्शन और शाक्त दर्शन का अधिक प्रभाव है। शिव प्रकाश स्वरूप है जो अपनी इच्छा से अभिव्यक्त होकर सर्जना करता है, शक्ति विमर्श है, जीव कुछ नहीं है—यह सीमित अर्थ में परम शिव ही है। जीव ब्रह्मांड का संकुचित रूप है, यह शिव शक्ति या प्रकाश और विमर्श का संगम है, जो सृजन, पालन और संहार की प्रक्रिया में है। यह आध्यात्मिक मिलन है, शिव पार्वती परिणय है अर्थात शिवरात्री है। परम शिव निराकार है पर भक्तों ने उसे साकार रूप दिया है, वही लिंग मूर्ति है। यह निराकार शिव ही साकार शिव हो जाता है। वटुक भैरव या वटुक नाथ भी। परमतत्व शिव है इसी में शक्ति के प्रवेश से नाद व्यक्त हुआ, शक्ति के स्फूर्ति रूप धारण करने पर शिव ने इसमें तेजस रूप से प्रवेश किया और बिंदु का प्रादुर्भाव हुआ। यही नाद-बिंदु मिल कर अर्धनारीश्वर हुए, इसी नाद-बिंदु के योग से सृष्टि हुई है। कश्मीरी साहित्य में शिव तत्व की विचारणा बराबर मिलती है। आदि कवयित्री ललद्यद ने परमशिव के निराकार को लिया और कृष्ण राजदान ने सगुण रूप में लिया। इन्हीं कृष्ण राज़दान की काव्य रचना 'शिव परिणय' या 'शिव लगन' है।

कवि कृष्ण जुव राज़दान (1850 ई.-1920 ई.) कश्मीर के एक सगुण भक्त कवि हैं? इन्होंने लीला काव्य की रचना की है जिसमें संगीत की प्रधानता है। कृष्ण राज़दान शिव भक्ति कवि हैं जिनके 'शिव लगन' काव्य में 227 कविताएं संकलित हैं और इनमें शिव पार्वती के विवाह का वर्णन है। इन कविताओं में कवि ने शिव भक्ति

का प्रतिपादन विवाह के माध्यम से किया है जो बहुत ही सरस और सरल बन पड़ा है। इसके माध्यम से कश्मीर की विवाह पद्धति का सांस्कृतिक रूप उजागर होता है। इन कविताओं, लीलाओं को कश्मीरी पंडित घरानों में विवाह के अवसर पर तन्मय होकर गाया जाता है।

'शिव लगन' शिव-पार्वती विवाह की पौराणिक कथा पर आधारित है। इसमें कश्मीरी पंडित घरानों में होने वाले विवाह संस्कार का धार्मिक अनुष्ठान और रीति-रिवाजों का लेखा-जोखा है। यह भिन्न-भिन्न गीत भिन्न संदर्भों में गाए जाते हैं। कैलाश पर्वत पर शिव और उमा वास करते हैं। उमा का पिता दक्ष यज्ञ करता है जिसमें शिव को नहीं बुलाया जाता है, उमा इस अपमान को सहन न कर दक्ष के यज्ञ में अपने को भस्म करती है, जिस पर शिव दक्ष के यज्ञ को वीरभद्र से विध्वंस कराते हैं। उमा हिमाल के पास पार्वती के रूप में जन्म लेती है। पार्वती का विवाह शिव के साथ तय होता है। पार्वती शिव का ध्यान करती है। साधु रूप में शिव पार्वती की परीक्षा लेते हैं। पार्वती की मां मीनावती को अपनी पुत्री का साधु के साथ विवाह होना अच्छा नहीं लगता है। शिव असली रूप धारण करते हैं। पार्वती और उसके माता-पिता प्रसन्न होते हैं। बारात कैलाश से निकलती है। बारातियों का इच्छा भोजन से स्वागत सम्मान किया जाता है। वापसी पर सोने की वर्षा होती है। जन साधारण सोना बटोरने लगते हैं और भक्त लोग शिव स्मरण करते हैं। शिव पार्वती कैलाश पर गृहस्थ जीवन के लिए प्रस्थान करते हैं। इस काव्य रचना के दो आयाम हैं, लोक सांस्कृतिक चेतना और दार्शनिक। पहला आयाम लोक संस्कृति परक है जिस पर अलग से अनुसंधान की आवश्यकता है। यहां इसके दार्शनिक पक्ष को लिया जा रहा है।

हिंदी साहित्य में जो स्थान राम भक्त कवि तुलसी तथा कृष्ण भक्त कवि सूर का है वही स्थान कश्मीरी भक्ति काव्य में कृष्ण राज़दान का है। कृष्ण राज़दान एक शिव भक्त कवि हैं। शिव ही उनका सतुरु है। वे गुरू से सत्, चित् और आनन्द-अमृत की याचना करते हैं—

सत् च़्यथ आनंद अमृत चावतम
सत् ग्वर हावतम गटि मंज गाश॥

वे गुरू से ज्ञान और अद्वैत भाव के लिए प्रार्थना करते हैं—

ज्ञानुक्य न्यथरुय वारुँ मुच़रावतम,
पंपोश ज़न फोलरावतम मन।
अद्वयतु भाव किन्य पानस चावतम,
सत् ग्वर हावतम गटि मंज गाश॥

वही ब्रह्म, विष्णु और बांधव है, वही शास्त्र वेद और ओंकार

सुय शास्त्र वीद सागर, सुय छुय सार आमेकारुन व्यंद।

उसी का ज्ञान अभेद भक्ति है, वही मन और प्राण है—

अभेद भक्ति छय तसंज़य ज़ान,
सुय छुय मन तय सुय छुय प्रान॥

शिव पार्वती के विवाह की कथा का कश्मीरी भक्ति काव्य के वर्णन के इस प्रयास का आधार कश्मीर शैव संप्रदाय का भक्ति दर्शन है जिसका विशेष रूप से श्री उत्पलदेव ने अपनी 'शिवस्तोत्रावली' के भक्ति सूक्तों में वर्णन किया है जिसमें वे उस पुरुष की वंदना करते हैं जिसका ध्यान या जप करने के बिना और किसी निश्चित क्रम के बिना ऐसे ही (ईश्वर अनुकंपा) शिवत्व का आभास हो—

न ध्यायतो न जपतः स्याधर्स्याविधि पूर्वकम,
एकमेव शिवाभासस्तं नमो भक्ति शालिनम॥

कृष्ण राजदान जप, तप, पूजा, पाठ, संध्या वंदना उपवास, शास्त्र आदि में अपनी अज्ञानता व्यक्त करते हैं और अपने आराध्य देव शिव से ही भक्त पर कृपा की कामना करते हैं—

न ज़ानै पार्थी पूज़ा न त्वता
मेंं वुछ में कुन वोमानाथो क्षमा कर,
च़ वुछ पनने दयायि कुन दया कर॥

भव बंधन से मुक्ति पाने के लिए भक्ति सर्वसुलभ है परंतु इसके लिए चित् की एकाग्रता आवश्यक है। चंचल मन से भक्ति की सिद्धि नहीं हो सकती है—

च़्यथ पीड़ा करस नतेँ येति क्या करय।

शिव-पार्वती का मिलन 'गुलाब' और 'आरुवल' का मिलन है, यह दो हृदयों का एकाकार है जिसमें कोई भिन्न नहीं है यह परम शक्ति और परम शिव का मिलन है—

परम शक्ति परम शिव छ्रांडनि द्रायख,
कमि सूँत्य सपज़ख शिव शक्ति रूफ।
भगवथ माया बोज़न आयख,
आयख करने ज़गि रक्षपाल॥

शिव और शक्ति के रूप में विवेक है यह हरकत (फोरस) और प्रकृत (नेचर) एक और अनेक, चित और भ्रम तथा नर और मादा का ज्ञान है। कवि जीवन की सूक्ष्म व्यंजना करता है। शिव परम तत्व के रूप में और पार्वती परम शक्ति के रूप में सृष्टि का मूलाधार है। परम तत्व के रूप में और पार्वती परम शक्ति के रूप में सृष्टि का मूलाधार है। परम तत्व शिव ही द्विविध रूप होकर नर-नारी की स्थूल संज्ञा लेता है। यही दर्शन में ह+ठ = हठयोग में सूर्य चंद्र बनता है, विज्ञान में ऋण-धन (माइन्स-पुलस) बनता है और काम शास्त्र में यही सूर्यगुण-चंद्रगुण (एक्स-वाई) बनता है। प्रत्येक स्थिति में इन दोनों की 'संयुक्ति' सृजन और 'वियुक्ति' विध्वंस का प्रतीक है—

शिव शक्ति रुपुक विवेक बन्यतन
हरकत छि प्रकृत सरिसय मंज़
अनीक ईक ज़ानुन ठीक बन्यतन
च्यत भ्रम छुमादस त नरसय मंज़
सूहम हम वायिथ बोठ खारिथ
वातनाथ शांती धर सय मंज़॥

परमशिव एक से अनेक हो जाते हैं और असंख्य जीवात्माओं का प्रादुर्भाव होता है। संसार चक्र में आकर पुन: परमशिव में ही विलीन हो जाते हैं—

परमात्म सिरिय मंज़ जूत्या द्रायख,
प्रज़लन आयख संसारस।
येमि मंज़ द्रायख तथ्य मंज़ चायख,
आयख करने जगि रक्षपाल॥

वह एक परम पुरुष है, उसी के अनेकों नाम हैं—

असि कुनुय पोरुषा मोन
कुनुय सुय छिय लछि बऽद्य नाव।

कवि वैवाहिक संबंधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हैं। पार्वती का वैवाहिक जीवन सुखपूर्ण हो, विवाह तन और मन का सुखद मिलन है, इसी कारण कवि 'च़ छुख दोह त ब छस राथ, च़ आकाश त बुं बुतराथ' कहते हैं यह समाज का स्वीकृत बंधन है जिसका समर्थन लोग करते हैं। विवाह दो का समर्पण है, यह सृष्टि-कर्म का उत्सव है। कवि इस रचना के माध्यम से विवाह पद्धति की हर रस्म की व्याख्या करते हैं ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संस्कार सुरक्षित रहे। इसका महत्व विस्थापन के वातावरण में और भी बढ़ जाता है—

यछ़ख योदवें त पख म्ये सूत्य वुन्यकन्यन,
पकरव नय अद करुन क्या गछ़ि तिच़्य वन,
दोपुस तम्य छम यछ़ा हीमाल सुन्द यिख
त्रिकूटी दीव ह्यथ तत्य में वरिथ निख॥

शिव की आराधना में कवि अपने को 'शरणागत वत्सल' शंभू और दास कहते हैं। यह दासभाव भक्ति की पराकाष्ठा है। शिव का नाम एक बार स्मरण करने से जीवन के सारे पाप धुल जाते हैं—

अगर कांह वुम्वरि मंज़ करि अंतरस्य पाप,
अकि शिव नाव सूत्य तसकरख माफ।
कर्मक नहवन डेकस छुख अथ डालान।
सदाशिव सोमियो छुख ज़गि पालान॥

इस भक्ति को कवि ने अभेद भक्ति कहा है इससे शिव प्रेम का रसपान होता है—

शिव प्रेमुक्य चवान आस्य मस खस्य॥

कवि कृष्ण राज़दान अपने को शिवकर्मी मानते हैं और अपने मन में सच्चे स्वरूप को जान कर संपूर्ण रूप से परमशिव, सदाशिव में विलीन हो जाते हैं—

शिव करमी छुस कृष्ण राज़दान,
मन किन्य धारणय धारू चोन ध्यान,
श्वम लक्षन प्रथ शायि चोन थान,
सदाशिव सोमियो वन्दयो पान॥

यह कश्मीर शैव दर्शन के विशुद्ध अद्वैत का मौलिक चिंतन है जिसके अनुसार मोक्ष प्राप्ति होने पर जीवात्मा परम शिव के साथ संपूर्ण रूप से विलीन होती है।

कवि कर्म पर बल देते हैं। संपूर्ण जीवन को उसकी संपूर्णता में जीने के लिए कर्म की आवश्यकता है। यह कर्म त्याग या वैराग्य में नहीं अपितु परिश्रम में है। कर्म'को ही शिव की भक्ति शोभायमान करती है। कर्म आचरण का वह मार्ग है जिससे हम सर्वोच्च सत्ता तक पहुंच सकते हैं—

कर्म लीला छख पार्ने परम शक्ति,
कर्म सानि पननी भक्ति लेख।
क्रेति कर्म फल छख दिवतन्य सारी,
हारी पर्वतचि हाऽरिये॥

जो मनुष्य निर्मल रूप में निष्कर्म भाव से लोक कल्याण एवं सेवा के लिए साधना करता है उसमें वह पूर्व जन्म की मानसिक विशेषताओं को संस्कार रूप में ग्रहण कर नए जन्म में कर्म की पूर्णता के लिए साधना का अवसर पाता है। कवि आशा करते हैं कि सदा शिव की कृपा से जर्जरित ढांचे में नवजीवन का आकर्षण हो—

जन्मन हुन्द कर्मफल म्ये हार,
करुनाव नेष्काम कार।
दिह अभिमान नद म्योन नार,
आर यियिनय शंभू॥

दार्शनिक ज्ञान तथा अनुभूति की प्रामाणिकता ने कवि को वह आत्मविश्वास दिया है जिसके बल पर वे शैव दर्शन को गूढ़ रहस्य लोकभाषा कश्मीरी में पिरोकर एक ऐसी काव्य रचना करते हैं जो दार्शनिक होने के साथ-साथ सरल भाषा की कविता है। कवि ने कर्म, कर्मफल, पूर्व जन्म, भाग्य, संस्कार तथा पुनर्जन्म के मनोवैज्ञानिक तथ्यों का सरल भाषा में प्रतिपादन किया है। कृष्ण राज़दान का 'धर्म' कोई संप्रदाय नहीं। यह किसी संप्रदाय के प्रचलित बाह्य कर्मकांड तथा आचरण को नहीं दर्शाता है। यह एक संत मन की श्रद्धा है, इसमें कुछ पाने का लोभ नहीं है। इसमें केवल वह श्रद्धाभाव है जिसमें पर (दूसरा) और पान (स्व) में कोई भेद नहीं है—

कर्म फल वोपदोन धरम श्रद्धाये,
लूभ येलि गोल त मुंह पानौ चोल,
पर त पान यखसान बोज़न आये
जै जै छु भगवथ मायायै॥

यह भाव सर्वभूत आत्मवाद अर्थात् 'सभी सत्ताओं में परम तत्व स्थित है' की मान्यता पर आधारित है। इसका आचार पक्ष सुकर्म है जिसमें गहन मानवीय मूल्यों का स्थान सर्वोच्च है। इन्हीं कर्मों में अपने को समर्पित करके मानवता के दुःखों को दूर करने से जीवन की अखंडता और संपूर्ण प्राप्त हो सकती है। यही मानवीय आर्ष चिंतन का आधार है और वैदिक संस्कृति का सार तत्व भी। यही कृष्ण राज़दान का शिव दर्शन है।

कवि ने इस काव्य रचना को स्थानीय परिवेश में रचा है। कश्मीरी रीति-रिवाज, वेशभूषा विवाह के सारे धार्मिक अनुष्ठान, मेहंदी रात, क्रूल (रंगोली) वनवुन (लोक गीत-विवाह के), दयबत (धार्मिक रीति से दुल्हे-दुल्हन का विवाह वेदी के पास ही भोजन करना), पोशि पूज़ा (वर-वधु को फूलों से पूजा) आदि का वर्णन कवि ने कलात्मक ढंग से किया है। कश्मीरी शिष्टाचार, कश्मीरी व्यंजन, कश्मीरी वाद्ययंत्र सबका परिचय इस रचना से मिला जाता है। इसमें कवि ने शिव के 61 नामों का उल्लेख किया है जिससे विदित होता है कि उन्हें संस्कृत देवनामावलियों का पूरा ज्ञान था। उन्होंने संस्कृत शब्दों के साथ कश्मीरी प्रत्यय लगाकर भी शब्द बनाए हैं। नालान, जामन, दामन शबे मेराज़, आलमस, वाव, कहर, दरबार, खानदार, काशकार, ज़ालिम जैसे उर्दू फारसी के शब्दों का प्रयोग भी किया है। इसके अतिरिक्त शिवदर्शन की अभिव्यक्ति के लिए च्यथ वुज़मल, नेष्कल शशिकल, फोख रोस शेंख, ठिन्य रस घंटा, ज़ेरि रोस अजपा ज़ीरूबम, हेशि पोशि थर, शांति शबनम, मायायि हिल, संसार सर, शांति शालमार, त्रेशि हच़ तृष्णा जैसे अलंकारिक प्रयोग कर कृष्ण राज़दान ने अपने कवि होने की प्रामाणिकता स्वयं व्यक्त की है। उन्होंने यह लीला गीत लोकभाषा और लोकशैली में ही नहीं लिखे हैं अपितु अपने आपको समाज के दुख दर्द, हास-उल्लास और लोक़ मानस के साथ आत्मसात कर उन्हें वाणी प्रदान की है। ❑

17, टीचर्स कॉलोनी
समरहिल, शिमला-5

स्थानाभाव के कारण प्रस्तुत लेख शिवरात्रि अंक (मार्च अंक) में प्रकाशित न हो सका।

—सं.

काऽशुर समाचार

काऽशुर बोग (कश्मीरी अनुभाग)

वर्ष 45 अंक 1 अप्रैल 2000

यथ अंकस मंज़

पज़रस छु स्वनुॅ ठानुॅ ठरि

हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं पुखम्।
तत्त्वं पूषन्नपावृणु सत्य धर्माय दृष्टये॥

(ईशोपनिषद्)

अर्थः— पज़रुक गोॅल छु स्वनुॅसुंदि ठानुॅ सूॅत्य खटनुॅ आमुत।
हे, रख्याकार ईश्वरुॅ। सु ठानुॅ हटावतुॅ, युथ पज़ि
धर्मुक दर्शुन करिथ ह्यकुॅहव॥

शिवस्तुति

अचेॅतन चानि सूॅत्य च्यतुॅकुय चेनुन,
न तुॅ गछ़ि मेनुन क्रंजिल्यन पोज।
प्रेमुॅज़ल छुय वुज़ान भावुॅ नागुॅरादन,
हा साधन हुंदि साधो हो!!

(स्वामी कृष्ण राज़दान)

❄

कश्मीरी समिति, दिलि हुन्द माहवार मैगज़ीन

सम्पादक—शम्भुनाथ भट्ट 'हलीम'

द्यान दिथ पऽरिव!

काऽशिर ज़बान बोलनुक, परनुक तुॅ लेखनुक ज़ोॅरुरथ कूताह छु, अथ मुतलख छु वार्याह वननुॅ तुॅ व्यछ़नावनुॅ आमुत। 'काऽशुर समाचार' छु यि काऽशुर बोग योॅहय ज़रुरथ मकदूरुॅ मूजुब पूरुॅ करनुॅच कूशिश करान। अख वक्त ओस यलि यि ज़रुरथ वार्याहन बेमतलब बासान ओस, मगर अऽस्य रूद्य् यथ यरादस प्यठ काऽयिम ज़ि यिनुॅवोल समय करि सानि खयालुक पज़र साऽबित। व्वन्य छु असि यि वननस वार ज़ि सोन मिशन छु हक-बऽजाऽनिब (justified)। तिक्याज़ि आलमी, मुल्की तु रियासती स्वथरिस प्यठ द्युत वक्तुॅक्य फेरन यि हाऽविथ ज़ि माजि ज़यवि हुंद बजर, ज़रुरथ तुॅ थज़र कति छु बकार लगान। यि छु सानि वजूदुक मूल तुॅ अऽथ्य प्यठ छें साऽन्य कायनाथ दऽरिथ। शायद वनन केंह लूख अथ जज़बाऽतियथ, मगर सऽ कथ छें नुॅ सही। माऽल्य-मीरासुॅ छु त्यूत म्वलुल तुॅ कार-आमद ज़ि अमि रुस छु नुॅ कांह पकन पायी! पाहुॅ-पलव रोज़ि द्रहय व्वपरॅय।

बहरहाल, यतिनस छु नुॅ यि बहस ज़ीठरावुन। फकत छु यूतुय वनुन ज़ि व्वन्य पज़ि नुॅ असि ज़बान, सकाफत (culture) तुॅ तहज़ीबुक दाऽयिरुॅ नज़र-अंदाज़ करुन।

अमि बापथ छु वार्याह केंह करुन, मगर तमि ब्रोंह छु ज़रुरी ज़ि यि असि बदस न्यूमुत छु, सु रऽछ़रावुन। मिसाले, काऽशिरि समाचारुक युस संज़ असि अथि छु, तथ कुन यि द्यान द्युन ज़ि सु छा सही वति पकान किनुॅ महज़ रस्म पूरुॅ करान। यि कथ वननुक हाजथ प्यव अवुॅ मूजूब ज़ि पऽतिम्यव केंच़व रेंतव प्युठ छें तुहुँज़ि निगराऽनी मंज़ असि गफलत नज़रि गछ़ान। योंदवय तोंह्य् अथ कथि सऽनिव, त्वहि गछ़ि वाज़ेंह ज़ि सोन इशारुॅ कथ कुन छु। यमि सफाऽयी तुॅ साफगूई सान समाचारुक एहतिमाम चलान छु ओसमुत, त्वहि मा बासान तथ मंज़ कांह खाऽमी? योंदवय छस नुॅ— तम्युक गोंछ़ ज़िकिर करुन। हरगाह तथ मंज़ कांह कमी या कोताऽही त्वहि नज़रि गाऽमुॅच़ आसि, तथ कुन ति गोंछ सोन ज़्वन फिरुन। अगर नुॅ युथ कांह रदिअमल (Reaction) असि पनुॅन्यन परनवाल्यन निशि हाऽसिल सपदि, अऽस्य मानव ज़ि साऽन्य मेहनथ छे साऽरुॅय बेकार।

कांह ति अवाऽमी रिसालुॅ या खबरनामुॅ रोज़ि तोंतुय ताम जानदार योंतताम तमिक्य् परनवाऽल्य् तमिकिस हुस्नोकबूहस (ग्वन-दूषस) प्यठ स्वऽन्य नज़र थावन। यि काऽम छें तन्क़ीदी (critical analysis), मगर छें सेंहतमंदी बापथ लाऽज़िमी।

लेखनवोल छु लेखान, मगर परनवोल गछ़ि तथ सनुन— अदुॅ छु लेखुन रथि खसान।

यि वननुक ज़रुरथ क्याज़ि प्यव, तम्युक वजह छु यि ज़ि नोंव साऽस्युल गव शुरु। नऽव्य तकाज़ुॅ आयि

